

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 297

ग्वालियर, मंगलवार, 21 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### पनामा पेपर्स लीक मामले में ईडी के सामने पेश हुईं ऐश्वर्या बच्चन

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन 2016 के पनामा पेपर्स लीक प्रकरण से जुड़े एक मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं। ईडी द्वारा मेगा स्टार अमिताभ बच्चन की 48 वर्षीय बहू से विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत पूछताछ की जा रही है। मामला वर्ष 2016 में वाशिंगटन स्थित इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट्स (आईसीआईजे) द्वारा पनामा की कानूनी फर्म मोसैक फोंसेका के रिकॉर्ड की जांच से जुड़ा है, जिसे पनामा पेपर्स नाम से जाना जाता है। इसमें विश्व के कई नेताओं और मशहूर हस्तियों के नाम सामने आए थे, जिन्होंने कथित तौर पर देश से बाहर की कंपनियों में विदेशों में पैसा जमा किया था। इनमें से कुछ के बारे में कहा गया है कि उनके पास वैध विदेशी खाते हैं। इस खुलासे में कर चोरी के मामलों को सामने लाया गया था।

### प्रियंका के बड़े-बड़े वादों को जनता तक नहीं पहुंचा पा रही पार्टी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा भले ही मेहनत करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं, पर जमीनी स्तर पर संगठन कमजोर होने से पार्टी अपने वादों को जनता तक नहीं पहुंचा पा रही है। वहीं, 'महिला हूं, लड़ सकती हूं' के नारे के जरिये महिलाओं में कांग्रेस के प्रति विश्वास जगाने के लिए पार्टी को अभी लंबा सफर तय करना पड़ेगा। रणनीतिकार मानते हैं कि पार्टी महिलाओं को टिकटों में हिस्सेदारी और उनके कल्याण से जुड़े वादों को मतदाताओं खासकर महिलाओं तक नहीं पहुंचा पाई है। यूपी में कांग्रेस महिलाओं को केंद्र में रखकर विधानसभा चुनाव लड़ रही है। पूर्व सांसद हरिकेश बहादुर कहते हैं कि जमीनी स्तर खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस का संगठन लगभग खत्म हो चुका है। गांव देहात में जो पुराने कांग्रेसी थे, उनकी उम्र बहुत ज्यादा हो गई या वह अब जीवित नहीं रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में पार्टी संगठन सिर्फ समितियों तक सीमित है। हम नए लोगों को अपने साथ जोड़ने में नाकाम रहे हैं। ऐसे में विधानसभा चुनाव में हमारे लिए पिछ्ला प्रदर्शन दोहराना भी एक चुनौती है। कांग्रेस नेता मानते हैं कि विधानसभा चुनाव में पार्टी के टिकट पर वही उम्मीदवार जीत सकता है, जिसका अपना कोई निजी जनाधार है। वह जनाधार जाति के आधार पर हो या किसी अन्य वजह से। कोई प्रत्याशी सिर्फ कांग्रेस के नाम पर चुनाव नहीं जीत सकता है।

### जर्मनी का दुल्हा और रूस की दुल्हन ने गुजरात में हिन्दू शास्त्रोक्त विधि से रचाई शादी

**साबरकांठा।** जिले के साकरोडिया गांव में विदेशी युगल ने हिन्दू शास्त्रोक्त विधि से वैवाहिक जीवन में कदम रखा7 जर्मनी के दुल्हा और रूस की दुल्हन ने हिन्दू रीति-रिवाज से शादी की और उसमें बाराती-जनाती गुजराती बने एक ओर जहां भारत के लोग पश्चिमी देशों का अनुकरण कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पश्चिमी देश के लोग भारतीय संस्कृति का रुख कर रहे हैं भारत में हिन्दू विधि-विधान से शादी होना आम बात है, लेकिन कोई विदेशी जोडा इस रीति-रिवाज से शादी करता है तो आश्चर्य जरूर होगा दो अलग अलग देशों के युवक और युवती ने उत्तरी गुजरात में आकर हिन्दू रीति-रिवाज से शादी रचाई है जर्मनी मूल के क्रिश मूलर और रूस की जुलिया उखवाकटीना ने भारतीय संस्कृति से प्रभावित होकर शास्त्रोक्त विधि से विवाह करने का फैसला किया साबरकांठा जिले की हिम्मतनगर तहसील के साकरोडिया गांव में क्रिश मूलर और जुलिया उखवाकटीना की हिन्दू धर्म के अनुसार विवाह होना था, इसलिए दुल्हा-दुल्हन को हल्दी लगाई गई और वैवाहिक गीतों के साथ ही कन्यादान की भी रश्म पूरी की गई शादी के लिए बाकायदा निमंत्रण पत्रिका भी बांटी गई वर-वधु पक्ष की जिम्मेदारी उनके मित्र के परिजनों ने निभाई।

### समलैंगिक पुरुषों ने रचाया ब्याह, कहा- खुश रहने के लिए किसी की अनुमति की जरूरत नहीं

**हैदराबाद।** विवाह के लिए एक पुरुष और एक स्त्री का होना जरूरी है पर अब सम सेक्स वाले भी विवाह कर रहे है। तेलंगाना में समलैंगिक पुरुषों की 'पहली' शादी में सुप्रियो चक्रवर्ती और अभय डांग अपने लगभग एक दशक लंबे रिश्ते को आगे बढ़ाते हुए शादी के बंधन में बंध गए। सुप्रियो ने कहा कि उनकी शादी ने सभी को मजबूत संदेश दिया है कि खुश रहने के लिए किसी की अनुमति की जरूरत नहीं है। समलैंगिक पुरुषों को तेलंगाना का पहला समलैंगिक जोड़ा माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि हालांकि शादी को पंजीकृत नहीं किया जा सका, लेकिन समारोह में परिवार के लोग और दोस्त इकट्ठा हुए। सुप्रियो (31) और अभय (34) ने एक दूसरे को अंगूठियां पहनाई और शनिवार को यहां पास के एक रिसॉर्ट में हुए एक विवाह समारोह में साथ निभाने का संकल्प लिया।

# दिल्ली में चौथे दिन भी शीतलहर का प्रकोप



**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम भारत में शीतलहर का चौथा दिन है। 16 दिसंबर अभी तक शीतलहर का प्रकोप जारी है। दिल्ली में पारा लगातार गिर रहा है। आज भी राजधानी में सुबह के वक्त 3.1 के करीब न्यूनतम तापमान रिकार्ड किया गया है। इसके अलावा राजस्थान में भी लगातार पारा गिर रहा है। यहां पर माइनस में पारा पहुंच रहा है। मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक, आज चूरू में -0.5, सीकर में -0.1 तो वहीं करोली और फतेहपुर में -1.8 तामपान दर्ज किया गया है। बता दें कि इस वक्त देश में ठंड और वायु प्रदूषण से उत्तर भारत के लोगों का बुरा हाल है। राजधानी दिल्ली में लगातार दूसरे दिन दमघोंटू हवा ने लोगों का सांस लेना मुश्किल कर दिया है। पिछले कई दिनों से पंजाब, यूपी, हरियाणा सहित कई राज्यों में शीतलहर का प्रकोप देखने को मिल रहा है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते लगातार उत्तर भारत में ठंड बढ़ रही है, जिससे लोगों की कंपकंपी छूट रही है। मध्य दिसंबर के बाद से अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला है, जिसके चलते पारा लगातार गिर रहा है। दिल्ली में कल भी न्यूनतम पारा 5 डिग्री के करीब दर्ज किया गया है। लोधी रोड़ पर आज सुबह न्यूनतम तापमान 3.6 दर्ज किया गया है। अगर आज के ताजा अपडेट की बात करें तो आज भी दिल्ली का पारा गिरा है। मौसम विभाग की मानें तो आज में राजधानी में न्यूनतम पारा 4 डिग्री गिरने की संभावना है। गिरते तापमान के बीच वायु प्रदूषण से दिल्लीवासी बेहद परेशान है। आज भी एक्यूआई 290 दर्ज किया गया है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में एक्यूआई का स्तर थोड़ा सुधरा है, लेकिन यह गंभीर श्रेणी में बरकरार है। माना जा रहा है कि 22 दिसंबर तक एक्यूआई का स्तर गंभीर श्रेणी में बना रहेगा। 25 दिसंबर को इसमें थोड़ा सुधार दर्ज किया जा सकता है।

### ठंड से कांपी राजधानी लखनऊ छह डिग्री पहुंचा पारा

**नई दिल्ली।** आधा दिसंबर बीतते ही पूरे प्रदेश को कड़ाके की ठंड में चपेट में ले लिया है। राजधानी समेत लगभग सभी जिलों में न्यूनतम पारा दस डिग्री से नीचे लुढ़क चुका है। लखनऊ रविवार को दिन और रात के पारे के हिसाब से इस सीजन का सबसे सर्द दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान चार डिग्री की गिरावट से दोपहर के वक्त भी लोगों की कंपकंपी छूट गई, जबकि रात का पारा आधे डिग्री की और गिरावट के साथ 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले तीन दिन ठंड और बढ़ेगी। राजधानी में सुबह चार बजे सबसे ज्यादा ठंड रही। सूर्योदय के बाद मामूली राहत जरूर मिली, लेकिन ठंडी पछुआ हवाओं ने ठिठुरन बनाए रखी। इसके चलते दिन पारा शनिवार से चार डिग्री लुढ़ककर 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन में सबसे कम रहा है। प्रदेश में राजधानी ही नहीं, पश्चिम से लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी जिले ठंड की चपेट में हैं। मौसम विभाग जिन 32 केंद्रों पर तापमान दर्ज करता है, वहां सभी जगह न्यूनतम पारा नौ डिग्री के आसपास है। आधा दर्जन जिलों में पारा पांच डिग्री से भी नीचे पहुंच चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में रविवार को सबसे ठंडा मेरठ रहा। यहां न्यूनतम पारा 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद फैजाबाद में चार डिग्री, बरेली में 4.2 डिग्री, मुजफ्फरनगर में 4.5 डिग्री, गाजीपुर में 4.5 डिग्री और झांसी में 4.7 डिग्री सेल्सियस पारा रहा।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मोदी सरकार पर वार



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र लगातार हंगामे की भेंट चढ़ रहा है, जिस कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बाधित हो रही है। केंद्र सरकार इसके लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहरा रही है। वहीं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा है कि सदन चलाना विपक्ष की नहीं, सरकार की जिम्मेदारी होती है। सदन नहीं चलने देने के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराने के सरकार के आरोप पर पलटवार करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हमें सदन में मुद्दों को नहीं उठाने दिया जा रहा है। संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हम चाहते हैं कि सरकार गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को हटाए और लखीमपुर खीरी मामले पर सदन में चर्चा कराए लेकिन सरकार करने नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि हम लद्दाख का मामला उठाना चाहते हैं लेकिन सरकार उठाने नहीं दे रही। सरकार किसानों के मुद्दे पर, राज्यसभा सांसदों के निलंबन पर चर्चा नहीं करने देती और फिर हम पर आरोप लगाती है कि हम सदन नहीं चलने दे रहे हैं। सरकार की जिम्मेदारी सदन को चलाने के साथ-साथ सही तरीके से चर्चा कराने की भी होती है।फोन टैपिंग मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल ने कहा कि पेगासस मामले में भी सदन में सरकार ने चर्चा नहीं होने दी।

## जनप्रतिनिधियों की ओछी टिप्पणियां दुर्भाग्यपूर्ण, लालू ने की थी शुरुआत : हेमा मालिनी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री और वरिष्ठ शिवसेना नेता गुलाबराव पाटिल के अपने विधानसभा क्षेत्र जलगांव की सड़कों की तुलना अभिनेत्री हेमा मालिनी के गाल से करने पर विवाद पैदा हो गया है। अब इस मामले में



भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने प्रतिक्रिया की है। उन्होंने कहा यह ट्रेंड कुछ साल पहले लालू प्रसाद ने शुरू किया था, इसलिए सब लोगों ने इसका इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। अगर सामान्य लोग ऐसा बोलें तो समझ में आता है, लेकिन अगर संसद के सदस्य ऐसा बोलते हैं तो यह ठीक नहीं है। उल्लेखनीय है कि राज्य महिला आयोग के कड़ा रुख अपनाए जाने के बाद मंत्री ने अपने बयान पर माफी मांग ली है। पाटिल की टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कई वर्षों तक जलगांव सीट से विधायक रहे भाजपा के पूर्व नेता एकनाथ खडसे पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए राज्य के जलापूर्ति मंत्री पाटिल ने कहा जोकि 30 सालों तक विधायक रहे, उन्हें मेरे विधानसभा क्षेत्र में आकर सड़कों को देखना चाहिए। अगर ये हेमा मालिनी के गाल जैसी नहीं हैं तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। उनके इस बयान का राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने संज्ञान लिया और कहा कि अगर उन्होंने अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगी तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गांधी के हत्यारे गोडसे का समर्थन करने वालों को दी जानी चाहिए फांसी : वरुण

**पीलीभीत।** भाजपा सांसद वरुण गांधी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षामित्रों, आशा बहुओं, रोजगार सेवकों और अनुदेशकों के साथ विभिन्न विभागों के संविदा कर्मचारियों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग



लिया। वरुण गांधी ने संविदा कर्मियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को कुछ लोग एक मुहिम चला रहे थे महात्मा गांधी के खिलाफ। वे लोग नाथूराम गोडसे जिंदाबाद का नारा लगा रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें उस देश में रहते हुए शर्म आती है, जो लोग महात्मा गांधी के हत्यारे के लिए जिंदाबाद कह रहे हैं। जो लोग नाथूराम गोडसे का समर्थन कर रहे हैं। उनको फांसी देनी चाहिए। उन्होंने कहा मैं देश का पहला सांसद हूं, जिसने लखीमपुर की घटना को लेकर गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के इस्तीफे की बात की थी। दरअसल, विभिन्न विभागों में संविदा पर कार्यरत कर्मी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे, तभी उनके बीच सांसद वरुण गांधी पहुंच गए। उन्होंने संविदा कर्मियों से कहा कि भीख मांगने से कभी अधिकार नहीं मिलता।


# आज प्रयागराज जाएंगे पीएम मोदी, महिला समूहों के खातों में हस्तांतरित करेंगे 1000 करोड़ रुपए


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को प्रयागराज का दौरा करेंगे और दो लाख से अधिक महिलाओं की मौजूदगी वाले एक अनोखे कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से जमीनी स्तर पर, उन्हें आवश्यक कौशल, प्रोत्साहन और संसाधन प्रदान करने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है।

पीएमओ ने बताया कि इस अवसर पर पीएम मोदी स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के खातों मे 1000 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित करेंगे जिससे लगभग 16 लाख महिला सदस्यों को लाभ पहुंचेगा। पीएमओ ने बताया कि यह हस्तांतरण दीनदयाल उपाध्याय



योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई) के तहत किया जाएगा, जिसमें 80,000 एसएचजी को प्रति एसएचजी 1.10 लाख रुपए का सामुदायिक निवेश कोष (सीआईएफ) प्राप्त होगा और 60,000 एसएचजी को प्रति एसएचजी 15,000 रुपये की चक्रीय (रिवॉल्विंग) निधि प्राप्त होगी। पीएमओ ने बताया कि व्यापार अभिकर्ता-सखियों (बीसी-सखियों) को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रधानमंत्री उनमें से 20,000 के खाते में पहले महीने के वजीफे के रूप में 4,000 रुपये की राशि भी स्थानांतरित करेंगे। जब बीसी-सखियां जमीनी स्तर पर वित्तीय सेवाओं के प्रदाता के रूप में अपना काम शुरू करती हैं, तो उन्हें छह महीने के लिए 4,000 रुपए का वजीफा दिया जाता है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### इंग्लैंड पर हार का खितरा मंडराया

**एडीलेड** । इंग्लैंड की टीम पर एशेज के दूसरे टेस्ट में भी हार का खतरा मंडरा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड को मेजबान टीम ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए 468 रन का बेहद कठिन लक्ष्य दिया है। इसका पीछा करते हुए मेहमान टीम इंग्लैंड ने 82 रनों पर ही अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। कप्तान रूट के आउट होने से इंग्लैंड की रही सही उम्मीदें भी टूट गयीं। अब पांचवें और आखिरी दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 386 रन की जरूरत है जो बेहद मुश्किल नजर आता है। जिसके बाद वह पहले सत्र में फील्डिंग के लिए नहीं उतरे हालांकि बाद में स्कैन के बाद वह मैदान पर लौटे। रूट की परेशानी उस समय बढ़ गईं जब वह बल्लेबाजी के लिए उतरे और पेसर मिचेल स्टार्क की एक गेंद उन्हें लग गयी। इसके बाद उन्हें फीजियो की मदद से रूट दोबारा खड़े हो गए। हालांकि इसके बाद वह ज्यादा देर तक नहीं खेल पाये। चोट के बाद रूट को अटपटे ढ़ंग से रन के लिए दौड़ते हुए देखा गया। जब रूट अलग तरीके से दौड़ रहे थे उस समय कॉमेंट्री बॉक्स में बैठे दिग्गज रिकी पोंटिंग सहित उनके साथी कॉमेंटटर्स हंसने लगे। रूट और पॉटिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर इस समय काफी वायरल हो रहा है।

### पुजारा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ हमारी गेंदबाजी को बताया मुख्य हथियार

**नई दिल्ली** । भारतीय टीम 3 टेस्ट और 3 वनडे मैचों की सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका दौरे पर गई है। विराट कोहली की अगुआई में टीम इंडिया ने 26 दिसंबर को सेंचुरियन टेस्ट से अपने अभियान का आगाज करेगी। भारतीय टीम आज तक साउथ अफ्रीका जमीं पर एक बार भी टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है। इसके बाद कोहली की सेना की कोशिश इतिहास रचने पर है। भारतीय बल?लेबाज चेतेश?वर पुजारा ने बताया कि कौन भारत को साउथ अफ्रीका में पहली बार टेस्ट सीरीज में जीत दिला सकता है। पुजार ने कहा कि साउथ अफ्रीका दौरे से पहले हमने घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेली थी। वहीं इंडिया ए के 2 खिलाड़ी साउथ अफ्रीका में खेल रहे थे।इसके बाद हमारी टीम लय में हैं। चोट की वजह से टेस्ट सीरीज से बाहर हुए रोहित शर्मा की जगह प्रियांक पांचाल को टेस्ट टीम में शामिल किया गया। दौरे पर रवाना होने से पहले रोहित शर्मा को मुंबई में अभ?यास सत्र के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट लग गई थी। प्रियांक साउथ अफ्रीका दौरे से लौटे थे। वह इंडिया ए का हिस्सा थे। पुजारा ने कहा कि हम जब भी विदेशी जमीं पर खेलते हैं,तब हमारे तेज गेंदबाज ही दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा करते हैं। साउथ अफ्रीका में हमारे तेज गेंदबाज मुख्य हथियार बनने वाले है।

### कोहली की कप्तानी में टीम ने टेस्ट में बनाया था सबसे कम स्कोर

**नई दिल्ली** । विराट कोहली इन दिनों सबसे अधिक चर्चा में हैं।वजह बीसीसीआई ने वनडे टीम की कप्तानी छीन ली है।इसके बाद कोहली और बोर्ड के बीच बयानबाजी हुई।लेकिन बात टीम के प्रदर्शन की हो रही है। पिछले साल आज ही के दिन टीम इंडिया ने एक खराब रिकॉर्ड अपने नाम किया था। एडिलेड टेस्ट की दूसरी पारी में टीम सिर्फ 36 रन बनाकर आउट हो गई थी। यह टेस्ट इतिहास का टीम का सबसे कम स्कोर था।लेकिन सबसे बड़ी बात यह थी कि मैच में कप्तानी कोहली ही कर रहे थे। डे-नाइट टेस्ट में विराट कोहली ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया।टीम ने पहली पारी में 244 रन बनाए।

क्रिकेट पर पर ओमिक्रॉन का साया: 26 तारीख से सेंचुरियन में होना है मुकाबला

# भारत-साउथ अफ्रीका के पहले टेस्ट में दर्शकों की एंट्री बैन

सेंचुरियन । भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के दौरे पर है। उन्हें तीन टेस्ट और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलना है। पहला टेस्ट 26 से 30 दिसंबर के बीच खेला जाना है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच सेंचुरियन के सुपर स्पोर्ट पार्क में खेले जाने वाले पहले टेस्ट के दौरान स्टैंड्स खाली रहेंगे।

साउथ अफ्रीका में ओमिक्रॉन के ब?ते हुए मामले को देखते हुए साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने पहले टेस्ट के टिकट नहीं बेचने का फैसला किया है। नई कोरोना गाइड लाइन के अनुसार सरकार ने 2000 लोगों को एंट्री की अनुमति दी है, लेकिन साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने बिना दर्शकों की उपस्थिति में ही पहला टेस्ट आयोजित कराने का फैसला किया है। हालांकि, स्टेडियम में एसोसिएशन और लोकल पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।



**दूसरे टेस्ट को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं:** वांडर्स में 3 से 7 जनवरी के बीच खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में दर्शकों को एंट्री देने को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। टिकट्स बिक्री के लिए नहीं रखी गई है। स्टेडियम के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया है कि दर्शकों को एंट्री दी जाएगी या नहीं इसको लेकर अभी फैसला नहीं हुआ है। आगे इसकी जानकारी दी जाएगी।

साउथ अफ्रीका रवाना से पहले टीम इंडिया मुंबई में रही थी क्वारैंटाइन : साउथ अफ्रीका रवाना होने से पहले भारतीय टीम 3 दिन मुंबई में क्वारैंटाइन रही थी। वहीं साउथ अफ्रीका पहुंचने पर भी भारतीय टीम 1 दिन क्वारैंटाइन पर रही। इस दौरान उनके 3 कोरोना टेस्ट भी हुए।

### भारतीय टीम शुरू कर चुकी है ट्रेनिंग

भारतीय टीम 17 दिसंबर को साउथ अफ्रीका पहुंच गई थी और एक दिन क्वारैंटाइन रहने के बाद टीम ने ट्रेनिंग भी शुरू कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम के ट्रेनिंग करते हुए सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो पोस्ट किए थे।

### मैच के शेड्यूल

पहला टेस्ट: 26 से 30 दिसंबर, 2021 (सेंचूरियन)
दूसरा टेस्ट: 3 से 7 जनवरी, 2022 (जोहान्सबर्ग)
तीसरा टेस्ट: 11 से 15 जनवरी, 2022 (केप टाउन)

### वनडे सीरीज

पहला वनडे: 19 जनवरी, 2022 (पार्ल)
दूसरा वनडे: 21 जनवरी, 2022 (पार्ल)
तीसरा वनडे: 23 जनवरी, 2022 (केप टाउन)

## पत्नी, बेटी के साथ जयपुर के लिए रवाना हुए धोनी

**नई दिल्ली** । चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के सबसे कप्तान में से एक एमएस धोनी को आईपीएल 2022 के लिए रिटेन किया है।क्रिकेट के मैदान पर फिर से बिजी होने से पहले धोनी अपने परिवार संग समय बिता रहे हैं। धोनी का उनके परिवार सहित वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उनकी फिटनेस देखकर फैंस हैरान रह गए। दरअसल पूर्व भारतीय कप्तान धोनी एक शादी के लिए मुंबई से जयपुर के लिए रवाना हुए। मुंबई एयरपोर्ट पर धोनी, उनकी पत्नी साक्षी और बेटी जीवा कैमरे से बच नहीं सके। 2019 में अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेलने वाले धोनी, साक्षी और जीवा को एयरपोर्ट पर कार से निकलते हुए देखा गया। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ने काले रंग की टीशर्ट पहनी हुई थी और 40 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस ने फैंस को हैरान कर दिया। सीएसके ने भी अपने कप्तान की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। धोनी को फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2022 के लिए 12 करोड़ रुपये में रिटेन किया। जबकि रवींद्र जडेजा को 16 करोड़ रुपये में, मोईन अली को 8 करोड़ रुपये में और रुतुराज गायकवाड़ को सीएसके ने 6 करोड़ में रिटेन किया।धोनी की अगुआई में सीएसके ने आईपीएल 2021 का खिताब जीता था, जो सीएसके का चौथा खिताब था। धोनी हाल में यूएई में हुए टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के मेंटर भी थे। हालांकि इसमें में टीम इंडिया का सफर जल्द ही खत्म हो गया था।

### फीफा अरब कब



कतर के दोहा शहर के अल बेयट स्टेडियम में ट्यूनीशिया और अल्जीरिया के बीच फीफा अरब कप कतर 2021 का फाइनल मैच जीतने के बाद अल्जीरिया के खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए।

## आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2022 के लिए 17 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

### यश करेंगें कप्तानी, रशीद बने उपकप्तान

**मुम्बई** । अखिल भारतीय जूनियर चयन समिति ने वेस्टइंडीज में अगले साल की शुरुआत में होने आईसीसी अंडर 19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए 17 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी यश ढुल करेंगे जबकि उपकप्तान की जिम्मेदारी एसके रशीद को मिली है। पांच खिलाड़ियों को स्टेंड बाय के तौर पर भी रखा गया है। टूर्नामेंट के 14वें संस्करण में 16 टीमें 48 मैचों में ट्रॉफी के लिए उतरेंगी। भारत ने 2000, 2008, 2012 और 2018 में 4 बार खिताब जीते हैं। भारतीय टीम साल 2016 में और न्यूजीलैंड में 2020 में आयोजित टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में भी उपविजेता रही थी। प्रारूप में चार समूहों में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीमें सुपर लीग में आगे बढ़ेंगी, जबकि शेष टीमें 23 दिनों की प्रतियोगिता में प्लेट में शामिल होंगी। भारत को अंडर-19 ग्रुप बी में रखा गया

#### अंडर-19 विश्व कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है

यश ढुल (कप्तान), हरनूर सिंह, अंगक्रिश रघुवंशी, एसके राशिद (उप-कप्तान), निशांत सिंधु, सिद्धार्थ यादव, अनीश्वर गौतम, दिनेश बाना (विकेटकीपर), आराध्य यादव (विकेटकीपर), राज अंगद बावा, मानव पारख, कौशल तांबे , आरएस हैंगरगेकर, वासु वत्स, विक्की ओस्तवाल, रवि कुमार, गर्व सांगवान। स्टैंडबॉय खिलाड़ी : रिषित रेड्डी, उदय सहारन, अंश गोसाई, अमृत राज उपाध्याय, पीएम सिंह राठौर

**आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2022 में भारतीय टीम के मुकाबले**

15 जनवरी - दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रोविडेंस स्टेडियम, गुयाना में शाम 7:30 बजे

19 जनवरी - आयरलैंड के खिलाफ ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो में शाम 7.30 बजे

22 जनवरी - युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो में शाम 7.30 बजे।

## व्यापारन्यूज

### रुपया नौ पैसे टूटकर 76.15 पर खुला



**मुंबई** । विदेशी निवेशकों द्वारा घरेलू शेयर बाजार में लगातार बिकवाली के चलते रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे की गिरावट के साथ 76.15 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुरुआती सौदों के दौरान रुपया 76.13 से 76.16 के दायरे में कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार की तरह ही रुपए पर भी कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमीक्रोन का प्रकोप बढ़ने की आशंका के चलते दबाव देखने को मिल रहा है। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को सकल आधार पर 2,069.90 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत बढ़कर 96.61 पर आ गया।

### इलेक्ट्रिक वाहन उपकरण श्रेणी में जारी रहेगा निवेश : डाना

**मुंबई** । अमेरिकी वाहन कलपुर्जा बनाने वाली कंपनी डाना ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में अपने लिए बढ़ती संभावनाएं देखते हुए अपने सभी संयंत्रों में निवेश जारी रखने की घोषणा की है। डाना के भारत में 18 संयंत्र हैं जिनमें साझा उद्यमों के अलावा इलेक्ट्रिक वाहन के लिए खास तौर पर केंद्रित पुणे इकाई भी शामिल है। डाना के एक भारतीय अ?धिकारी ने कहा कि आने वाले समय में भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के विस्तार की अच्छी संभावनाएं हैं। हमें लगता है कि डाना के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के उपकरण बाजार में काफी संभावनाएं हैं लिहाजा हम इन पर निवेश कर रहे हैं। इसी वजह से हम 60-70 प्रतिशत स्थानीयकरण भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे भारत में भावी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। डाना ने कुछ महीने पहले स्विच मोबिलिटी में निवेश किया था जो इलेक्ट्रिक वाहनों के उपकरण बनाने के लिए अशोक लेलैंड के साथ काम कर रही है। डाना ने कहा ?कि खास तौर पर कम दूरी की आवाजाही वाले इलेक्ट्रिक वाहनों में कंपनी के लिए अच्छी संभावनाएं नजर आ रही हैं।

जूट मिलें अनाज भंडारण में इस्तेमाल होने वाले जूट बोरों की आपूर्ति ठीक तरह से नहीं कर पाई

## बोरों के कम उत्पादन से जूट क्षेत्र को 1,500 करोड़ का नुकसान

**कोलकाता** । खाद्यान्न के भंडारण के लिए जूट से बनी बोरियों का जरूरी मात्रा में उत्पादन नहीं हो होने से जूट क्षेत्र को करीब 1,500 करोड़ रुपए का अनुमानित नुकसान हुआ है। जूट के प्रमुख उत्पादक राज्य पश्चिम बंगाल की सरकार और केंद्र के समर्थन के बावजूद जूट से बनी बोरियों की 4.81 लाख गांठें कम पड़ गईं। ऐसी स्थिति में भंडारण निकायों को प्लास्टिक बोरियों का भी इस्तेमाल करना पड़ गया। अनाज के भंडारण में मुख्यतः जूट से बने बोरों का ही इस्तेमाल होता है। जूट उद्योग के मुताबिक नवंबर और दिसंबर में जूट मिलें अनाज भंडारण में इस्तेमाल होने वाले जूट बोरों की आपूर्ति ठीक तरह से नहीं कर पाईं। यह कमी बोरों की 4.8 लाख गांठों की रही। इससे जूट क्षेत्र को 1,500 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। केंद्र की मोदी सरकार ने नवंबर में जूट सत्र 2021-22 में पैकेजिंग के लिए जूट से बने बोरों के इस्तेमाल को अनिवार्य करने वाले मानकों को मंजूरी दी थी। इन मानकों के मुताबिक सारे खाद्यान्नों की पैकिंग जूट के बोरों में की जाएगी जबकि चीनी की 20 फीसदी पैकिंग इन बोरों में करना अनिवार्य होगा। हालांकि तदर्थ सलाहकार समिति ने जूट के बोरों में खाद्यान्न के भंडारण संबंधी मानक को ढीला करने का सुझाव दिया था। एक जूट मिल के मालिक ने कहा कि कच्चे जूट का बाजार भाव 7,200 रुपए प्रति क्विंटल है जबकि जूट आयुक्त ने मिलों के लिए कच्चे माल के तौर पर जूट का भाव 6,500 रुपए प्रति क्विंटल तय किया हुआ है। इस कीमत अंतराल से मिलें जरूरी बोरों का उत्पादन नहीं कर सकीं।

### पांच दिन हुए कारोबार में देश की 8 बड़ी कंपनियों के 2.6 लाख करोड़ डूबे

**नई दिल्ली** शेयर बाजार में पिछले हफ्ते भूचाल-सा आ गया था। निफ्टी 17 हजार से नीचे फिसल गया। जबकि सेंसेक्स में 3.01 फीसदी की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बाजार में लगातार गिरावट से तमाम कंपनियों के मार्केट कैप घटे हैं। शेयर बाजार में लिस्टेड की देश की टॉप-10 में से आठ कंपनियों को पिछले हफ्ते बाजार मूल्यांकन में संयुक्त रूप से 2,61,812.14 करोड़ का घाटा हुआ।
रिलायंस इंडस्ट्रीज के मार्केट कैप में सबसे अधिक कमी आई। जबकि टॉप-10 कंपनियों की इस सूची में सिर्फ इंफोसिस और विप्रो ही लाभ में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 79,658.02 करोड़ रुपए से घटकर 15,83,118.61 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी का मूल्यांकन 34,690.09 करोड़ रुपए घटकर 4,73,922.86 करोड़ रुपए रहा। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 33,152.42 करोड़ रुपए घटकर 4,16,594.78 करोड़ रुपए और एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 27,298.3 करोड़ रुपए घटकर 8,16,229.89 करोड़ रुपए रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का मूल्यांकन 24,083.31 करोड़ रुपए घटकर 5,24,052.84 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 24,051.83 करोड़ से घटकर 4,17,448.70 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 20,623.35 करोड़ रुपए घटकर 5,05,547.14 करोड़ रुपये और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 18,254.82 करोड़ रुपए घटकर 13,26,923.71 करोड़ रुपए रह गया है। इसके विपरीत, इंफोसिस का मूल्यांकन 26,515.92 करोड़ रुपए बढ़कर 7,66,123.04 करोड़ रुपए और विप्रो का मूल्यांकन 17,450.39 करोड़ रुपए बढ़कर 3,67,126.39 करोड़ रुपये हो गया। इन शीर्ष 10 कंपनियों की रैंकिंग में, आरआईएल सबसे आगे थी। उसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और फिर विप्रो थी।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में नहीं हुआ कोई बदलाव



मुंबई । घरेलू बाजार में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार 20 दिसंबर को पेट्रोल और डीजल की कीमत नहीं बदली हैं। वहीं वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल के दामों में उतार-चढ़ाव जारी है। डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल 69.18 डॉलर प्रति बैरल है, वहीं बैंट क्रूड ऑयल की कीमत 71.81 डॉलर प्रति बैरल है। आईओसीएल के अनुसार देश के चारों महानगरों में पेट्रोल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल के दाम 95.41 रुपए प्रति लीटर पर हैं। वहीं दूसरी ओर कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत क्रमशः 104.67 रुपए, 109.98 रुपए और 101.40 रुपए प्रति लीटर हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने बीते 4 नवंबर 2021 से पेट्रोल और डीजल की कीमत ने कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं नई दिल्ली में डीजल के दाम 86.67 रुपए, कोलकाता में 89.79 रुपए, मुंबई में 94.14 रुपए और चेन्नई में 91.43 रुपए प्रति लीटर हैं।




### इन्दौर बाजार की साप्ताहिक समीक्षा

## खाद्य तेलों में बिकवाली ठंडी रहने से बाजार में रही नरमी

**इन्दौर** । स्टॉकिस्ट खरीद के चलते आलौच्य सप्ताह के दौरान किराना जिंसों में साबूदाना तेजी पर रहा। शक्कर में टिकाव रहा। खाद्य तेलों में बिकवाली ठंडी रहने से बाजार नरमी पर रहे। तिलहनों में सोयाबीन मजबूती पर रहा। दलहनों में स्टॉकिस्ट बिकवाली से बाजार में चना गिरावट पर रहा। मसूर में भी नरमी रही।

किराना : शनिवार को समाप्त हुए आलौच्य सप्ताह के दौरान स्थानीय सियागंज किराना बाजार में व्यापार सामान्य ही रहा। लग्नसरा की मॉग में कमी को देखते हुए शक्कर में सुस्ती का माहौल बना हुआ है। समीक्षा सप्ताह के दौरान शककर बाजार 10-20 रू. प्रति क्व?िटल की नरमी से भाव 3570-3600 रू. प्रति क्व?िटल पर कमजोर ही रहे। माल की अक्षत से खोपरा गोला में 212-236 रू. प्रति किलो पर मजबूती आ गयी। साबूदाने में स्टॉकिस्ट खरीद रहने से बाजार तेजी पर आ गये। साबूदाना हल्के मालों में 150-200 रू. प्रति क्व?िटल की तेजी से 4400-4500 रू. प्रति क्व?िटल पर आ गये। सौंफ व जीरे में पूछपरख रहने से भावों में टिकाव देखा गया। बादाम गिरी व काजू में मॉग सामान्य रहने से भावों में मजबूती देखी गयी। बादाम गिरी में बाजार 700-800 रू. प्रति किलो पर आ गये। नारियलों में आवकें सामान्य रहने से बाजार मजबूती बनाये रहे। जायफल, जावत्री में मसाला निर्माताओं की मॉग से भावों में सुर्खी रही।

तेल तिलहन : समीक्षा सप्ताह के दौरान खाद्य तेलों व तिलहनों में व्यापार विशेष का अभाव रहा। बाजार सूत्रों का मानना है कि प्रदेश की मंडियों में 3.4 लाख बोरी प्रतिदिन की आवक हो रही है। सरसो व रायडे में भी उत्पादन अच्छा रहने का अनुमान है, जिसके चलते बाजार में लम्बी तेजी की संभाव कम ही है। बीते सप्ताह के दौरान सींगदाना तेल इन्दौर लाइन पर 1320-1340 रू. प्रति 10 किलो पर आ गये। सोया व कपास्या तेलों में बाजार 5-10 रू. प्रति 10 किलो की गिरावट आयी और सोया साल्वेंट 1140-1145 रू. प्रति 10 किलो से घटकर 1135-1140 रू. प्रति 10 किलो पर आ गया। सोया रिफाइंड तेल 1200-1205 से टूटकर 1190-1195 रू. प्रति 10 किलो पर आ गये। तिलहनों में सोयाबीन बाजार 400-500 रू. प्रति क्विंटल से बढ़कर 6800-7200 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गये। सरसो व रायडे में भी बाजार नरमी के रहे।

**दाल दलहन :** समीक्षा सप्ताह के दौरान दाल-दलहनों में व्यापार की मात्रा कम देखी गयी। चने में स्टॉकिस्टो की मॉग कमजोर रहने से बाजार मंदी पर रहे। चना 50-100 रू. प्रति क्विंटल से टूटकर 4950 रू. प्रति क्विंटल पर आ गया। तुअर में पूछपरख ठंडी रहने से बाजार 50-100 रू. प्रति क्विंटल की गिरावट आयी और तुअर निमाड़ी मालों में 5500-6000 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। मूंग में आवकें ठंडी रहने से बाजार में मजबूती देखी गयी। मूंग में बाजार 7100-7400 रू. प्रति क्विंटल पर मजबूत देखे गये। मसूर में लिवाली ठंडी रहने से बाजार 50-100 रू. प्रति क्विंटल तक टूट गये। मसूर में बेस्ट मालों में बाजार 7000-7050 प्रति क्विंटल को छू गये।

# संसार से अधिक राग और मोह ईश्वर प्राप्ति में बाधकः पंचमानंद जी महाराज



**अम्बाह।** विश्व शांति की कामना के लिये रतन वाटिका में आयोजित श्री राम कथा में छठवें दिन श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराते हुए महामंडलेश्वर पंचमानंद जी महाराज ने कहा कि संसार से सुख लेने की इच्छा ही दुःख का मूल है। देखा जाए तो इस संसार में कोई भी सुखी नहीं है। जिस सुख का हमें आभास हो रहा है वह वास्तविक नहीं है। अज्ञानी लोग इसे ही सुख मानकर इसी में डूबे हुए हैं। जन्म के साथ मरण, यौवन के साथ बुढ़ापा और विकास के साथ ह्रास जुड़ा हुआ है। इस जीवन में कब क्या घटित होगा इसका किसी को पता नही है, इसलिए हमें अपना मन परमात्मा की प्राप्ति में लगाना चाहिए।

संत श्री ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में दुनिया को स्थायी समाधान अध्यात्म ही दे सकता है। यह विश्व का सर्वोपरि विज्ञान है संसार के सभी जीव सुख चाहते हैं, कोई भी दुःख नहीं चाहता। अध्यात्म हमें दुःख से मुक्ति और सुख की प्राप्ति का मार्ग सुझाता है, इंसान को वह सभी आसक्तियां छोड़नी चाहिए जो जीवन को संकीर्णता की ओर ले जाती हैं। यही त्याग वृत्ति अंतःकरण को पवित्र कर भीतर के तेज को देदीप्यमान करती है। कथा व्यास ने कहा कि हमारे यहां त्याग की परंपरा पुरातनकाल से चली आ रही है। आसक्ति से विरक्त हो जाने वालों की यहां पूजा की जाती है। श्रीराम के द्वारा अयोध्या के राज्य को एक क्षण में त्याग देने जैसे स्थापित किए गए आदर्श को आज भी संसार पूजता है। राज्य का त्याग करना और वन जाना स्वीकार कर श्री राम ने समाज में उच्चतम मानदंड स्थापित किया था, साथ ही लोगों को धर्म, अध्यात्म, ज्ञान व भक्ति के मार्ग की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी थी। संत श्री ने श्रोताओं को समझाते हुए कहा कि इंसान अपने जीवन में सारा श्रम भौतिक वस्तुओं की प्राप्ति में ही लगा देता है। वह अपने सीमित जीवन में सभी कुछ पा लेना चाहता है। वह जितना भौतिक लाभ प्राप्त करता जाता है, उसकी सांसारिक तृष्णा उतनी ही बढ़ती जाती है। यह तृष्णा उसे शांति से बैठने नहीं देती संसार में जिसका जन्म हुआ हैं उसका अंत निश्चित है। यहां मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और योगेश्वर श्रीकृष्ण आए और वह भी चले गए, तो हम आम मनुष्य की बिसात ही क्या हैं? यह जीवन प्रत्येक इंसान के पूर्व जन्मों का फल है। इसलिए इसके हर क्षण का सदुपयोग करना चाहिए। संसार में अधिक राग और मोह ईश्वर प्राप्ति में बाधक है। इसलिए त्याग ही उस परमसत्य को पाने का सहज और सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। त्याग से ही महापुरुषों ने संसार को प्रकाशमान किया है। जिसने भी जीवन में त्याग की भावना को अंगीकार किया हैं उसने ही उच्च मानदंड स्थापित किए हैं।

## 25 दिसम्बर शनिवार को होगा प्रथम श्री श्याम गुणगान महोत्सव



**मुरैना।** नगर में श्री मोरवीनंदन भक्त मंडल द्वारा आगामी 25 दिसम्बर शनिवार को शहर के जीवाजी गंज में स्थित खाटूधाम अग्रसेन पार्क में प्रथम भव्य श्री खाटूश्याम गुणगान महोत्सव एवं निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए सोमवार को अग्रसेन पार्क में श्री मोरवीनंदन भक्त मंडल के सदस्यों द्वारा पार्क में पहुँचकर भूमिपूजन कर ध्वज की स्थापना की गई। आयोजक मंडल ने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा है कि श्री खाटूश्याम जी के भव्य महोत्सव में सपरिवार पधारकर, बाबा श्याम के भजनों का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## माथुर वैश्य महासभा ने डॉ गुप्ता को समाज रत्न से किया सम्मानित



**पोरसा।** अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के 32 वे अधिवेशन में फिरोजाबाद में भव्य आयोजन के दौरान महासभा अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, महासभा महिला अध्यक्ष श्रीमती दीपिका गुप्ता, महासभा युवा दल अध्यक्ष व महासभा के मंत्री सुनील गुप्ता ने पोरसा के एशिया बुक रिकॉर्डर विशिष्ट शमशान तैयार करने वाले डॉ अनिल कुमार गुप्ता का समाज रत्न से सम्मान किया। इस अवसर पर आयोजन में मौजूद समाज के लोगों ने डॉ गुप्ता की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि वास्तव में पोरसा का मुक्तिधाम में सत्यम, शिवम, सुंदरम के दर्शन होते हैं। इसे देखने के लिए बाहर से लोग आकर प्रेरणा लेकर अपने यहां ऐसा ही मुक्तिधाम बनाने का संकल्प लेते हैं।



## क्षत्रिय महासभा की कार्यकारिणी का किया गठन

**मुरैना।** उपकार होटल में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शहर सहित जिलेभर से आए क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिस पर महेंद्र सिंह सिकरवार द्वारा जिला इकाई मुरैना एवं ब्लॉक इकाई सबलगढ़ का गठन किया गया। गठित कार्यकारिणी में शहर ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह जादौन एवं शहर युवा अध्यक्ष विष्णु, ग्रामीण युवा अध्यक्ष प्रीतम एवं जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह जादौन व कार्यकारी जिलाध्यक्ष उम्मेद सिंह जादौन को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौर एवं संभागीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह परमार की अध्यक्षता में इन सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। बैठक में प्रमुख रूप से सबलगढ़ ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह यादव, मुरैना शहर अध्यक्ष श्री परमार, युवा जिला उपाध्यक्ष सचिन सिकरवार एवं विवेक सिकरवार जिला युवा उपाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## न्यायाधीशों द्वारा अनुचित व्यवहार पर अभिभाषको ने मनाया प्रतिवाद दिवस

**मुरैना।** जिला अभिभाषक संघ मुरैना द्वारा न्यायाधीश गणों द्वारा उनके साथ किए जा रहे अनुचित व्यवहार एवं टीका टिप्पणी से व्यथित होकर सोमवार को न्यायालय में प्रतिवाद दिवस मनाया और कार्य नहीं किया, जिससे न्यायालयीन कार्य बुरी तरह प्रभावित रहा। अभिभाषक संघ के जिला अध्यक्ष हरिसिंह सिकरवार, सचिव शिव अवतार दंडोतिया एवं प्रवक्ता संजय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिकांश न्यायाधीशगण अधिवक्तागण की ड्रेस कोड एवं उनके व्यवहार पर अनुचित टीका-टिप्पणी करते हैं और पक्षकारों को अधिवक्ताओं के विरुद्ध उकसाते हैं।

# परमात्मा और आत्मा का मिलन ही महारास हैः प्राची किशोरी देवी



**अम्बाह।** माथुर वैश्य समाज के महिला मंडल द्वारा विश्व से कोरोनावायरस की समाप्ति एवं जन कल्याण की कामना को लेकर पूठ रोड शांति वाटिका में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस कथा व्यास प्राची किशोरी देवी ने रुकमणी विवाह एवं भगवान कृष्ण द्वारा रचाई गए महारास का वर्णन किया। प्राची किशोरी ने कहा कि काम के बीच में रहकर काम पर विजय पाना ही महारास लीला की महत्ता है। भगवान श्रीकृष्ण हजार गोपियों के बीच में रहते हुये भी कामदेव पर विजय पाकर योगेश्वर कहलाए। रासलीला के माध्यम से प्रभु ने अलौकिक प्रेम का वर्णन किया है। महारास में भगवान श्रीकृष्ण व गोपियों के निश्छल प्रेम का प्रमाण मिलता है।

महारास लीला की विवेचना करते हुये प्राची किशोरी ने कहा कि महारास में पांच अध्याय है, उनमें गाये जाने वाले पंच गीत पंच प्राण है। महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया। शरद पूर्णिमा की रात यमुना तट पर महारास का आयोजन किया गया, जिसमें जितनी गोपी, उतने श्रीकृष्ण ने महारास की थी। रासलीला में भगवान श्रीकृष्ण को छोंड़कर किसी अन्य पुरुष का जाना निषेध था जबकि भगवान भोलेनाथ ने गोपी के वेश में महारास का दर्शन किया था। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा और परमात्मा का मिलन हुआ अर्थात महारास का मतलब ही परमात्मा और जीवात्मा का मिलन हैं। महारास में जो रस था, वह सामान्य रस नहीं था। वो कोई सामान्य नाचने वालों का काम नहीं था, जिसको प्राप्त करने के लिये गोपियों को सर्वस्व त्यागना पड़ा था। ब्रज भूमि परमात्मा की प्रेम भूमि हैं, जहां के कण-कण में कृष्ण हैं। प्राची किशोरी ने कहा कि भगवान कृष्ण-गोपियों के महारास लीला को जो श्रद्धा के साथ सुनता है, उसे भगवान के चरणों में पराभक्ति की प्राप्ति होती है। इससे पहले श्रद्धालुओं ने भगवान की जन्मोत्सव की कथा श्रवण की। बाल लीला का वर्णन करते हुये उन्होंने बताया कि जब श्रीकृष्ण सिर्फ छः दिन के थे तब राक्षसी पूतना उनको मारने के लिये अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करने लगी लेकिन, भगवान ने उन्हें भी सद्गति प्रदान कर दी। उन्होंने श्री कृष्ण कथा का वर्णन करते गोवर्धन पर्वत का पूजन, रुकमणी विवाह की कथा सुनाई। कथा व्यास ने कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी श्री कृष्ण रुकमणी विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है कथा प्रसंग के अनुसार बीच-बीच में श्रद्धालुओं ने झांकियों के दर्शन भी किए।

# जौरा विधायक ने परिवार सहित की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**मुरैना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भोपाल में जौरा विधायक सूबेदार सिंह रजोधा ने अपने परिवार सहित मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। मुलाकत के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भविष्य में युवाओं को आगे आना चाहिए। इस दौरान जौरा विधायक सूबेदार सिंह ने मुख्यमंत्री से जौरा क्षेत्र के विकास पर भी काफी की। सीएम से मुलाकात के दौरान जौरा विधायक सूबेदार सिंह के साथ उनके पुत्र मार्केटिंग सोसाइटी जौरा के पूर्व अध्यक्ष सूरज सिंह रजौधा भी साथ में थे, विधायक पुत्र सूरज सिंह ने मुख्यमंत्री से जौरा इलाके में पानी और सड़क की व्यवस्थाओं के लिए बात की, जिस पर मुख्यमंत्री ने विधायक और विधायक पुत्र को आश्वासन दिया है कि जौरा इलाके में पानी सड़क सहित और भी कई विकास कार्य किए जाएंगे, साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा है कि वह बहुत जल्द जौरा क्षेत्र में आएंगे और जौरा क्षेत्र की जनता के लिए रोजगार और मूलभूत संसाधनों सहित पहाड़गढ़, जौरा और कैलारस की अस्पतालों को भी अनेकों प्रकार के स्वास्थ्य उपकरण प्रदान करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जौरा क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## लापरवाही पूर्वक बस चलाने वाले आरोपी को 02 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** तेजी व लापरवाही पूर्वक बस चलाने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील जौरा, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी निहाल सिंह पुत्र सरदार सिंह निवासी जाफराबाद, थाना बागचीनी जिला मुरैना को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 337, 338 में दोषी पाते हुये 02 वर्ष के सश्रम कारावास व कुल 10,250/-रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/सहायक मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि 19 जनवरी 2007 को शाम 7 बजे एम.एस. रोड पर गैस गोदाम के सामने एक बस चालक आरोपी निहाल सिंह अपनी बस को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर ला रहा था, जिससे बस पलट गई और बस में बैठी हुई सवारियों के चोट आई। आरोपी निहाल सिंह के विरूद्ध थाना जौरा पर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# शिविरों में दिया जा रहा है जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ

### शहर सरकार आपके साथ अभियान के तहत वार्ड में आयोजित किए जा रहे शिविर



**मुरैना।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 15 नवंबर से 15 जनवरी तक शहर सरकार आपके साथ अभियान मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नगर निगम मुरैना द्वारा शहर के सभी वार्ड में शहर सरकार आपके साथ अभियान अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और तत्काल शिविरों में मौके पर ही संबंधित पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ भी दिया जा रहा है। नगर निगम जनसंपर्क अधिकारी रहीम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर सरकार आपके साथ अभियान अंतर्गत नगर निगम आयुक्त संजीव जैन द्वारा अलग-अलग वार्ड में नोडल अधिकारी दल प्रभारी एवं अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। शिविरों का आयोजन प्रत्येक वार्ड में किया जा रहा है। शिविरों में काफी संख्या में वार्ड के पात्र हितग्राही अपने दस्तावेजों का सत्यापन कर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज 21 दिसंबर को वार्ड क्रमांक 14 माधोपुरा की पुलिया, वार्ड क्रमांक 15 श्रीराम वाटिका रोड, वार्ड क्रमांक वार्ड 16 जीवाजी गंज टाउन हॉल, वार्ड 17 नगर निगम कार्यालय सब्जी मंडी, वार्ड 18 गर्ल्स स्कूल गेट के पास लगाए जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि वह शिविरों में पहुंचकर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं व मौके पर ही योजना का लाभ लें, जिससे वह कार्यालय के चक्कर काटने से बच सकते हैं। शहर के ऐसे पात्र हितग्राही जो जन कल्याणकारी योजना का लाभ लेने से रह गए हैं, वह शिविरो में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाएं।

# भैंसों में फैली बीमारी से एक भैंस की मौत

### मुख्यालय पर नहीं रहते मुख्य चिकित्सा अधिकारी



**कैलारस।** क्षेत्र में भैसों में फैली बीमारी के कारण एक भैंस की मौत मामला ग्राम उमराय का पुरा में ग्राम पंचायत खेडा हुसैनपुर जनपद पहाडगढ में पूरे गाँव की भैंसों में कोई ऐसा रोग फैला है जिसकी बजह से कुछ ग्रामीणों की भैंस मर गई हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि गांव में ज्यादा संख्या में रोग फैला हुआ है जिसकी जानकारी पशु हॉस्पिटल पहाडगढ को 9 बजे ग्रामीणों द्वारा दी गई लेकिन फिर भी डॉक्टर की टीम मौके पर नहीं पहुंची, उक्त मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी पशु हॉस्पिटल पहाडगढ की लापरवाही देखी जा सकती है। खास बात यह है कि पहाड़गढ़ में पशु हॉस्पिटल तो है लेकिन वह सिर्फ शो पीस बना हुआ है। यदि आकसिमक निरीक्षण किया जावे तो डॉक्टर मुख्यालय पर नहीं मिलेंगे, क्योंकि ज्सादातर समय वे अपने कैलारस स्थित निवाय पर ही रहते हैं। पशु चिकित्सक कभी पहाडगढ ब्लॉक पर नहीं रहते हैं जिसकी वजह से ग्रामीण लोग काफी परेशान हैं व पशुपालकों को पशु हॉस्पिटल की कोई सुविधा नहीं मिल पाती है।

### इनका कहना है...........

ठंड ज्यादा होने से पशु बीमार है तो हमने ग्रामीणों को बताया है कि लकड़ियां जला लें, जिससे भैसों को गरमाई मिले। एक भैंस खत्म होने की जानकारी भी मिली है, उसको भी देखते हैं और पोस्टमार्टम के बाद ही रूात होगा कि आखिर क्या मामला है।

**डॉ सियाराम जाटव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी पशु हॉस्पिटल पहाडगढ**

# भ्रष्टाचारः फर्म का अता पता नहीं, एक वर्ष में किया करोडो का भुगतान

### कागजों में चल रही है सरकार बिल्डिंग मटेरियल फर्म




**सबलगढ़।** जनपद पंचायत में करोड़ों का घोटाला करने वाली फर्म सरकार बिल्डिंग मटेरियल की जांच जनपद सीईओ सुनीता शर्मा ने ग्राम पंचायत रामपुर एवं जनपद में 4 अधिकारियों की टीम बनाकर जांच कराई। जांच के दौरान अधिकारियों ने फर्म में दर्ज पते पर जाकर देखा तो उस नाम की फर्म किसी भी स्थान पर मौजूद ही नहीं है। दरअसल भ्रष्टाचार के खिलाफ 21 दिन के सत्याग्रह कर रहे धर्मेंद्र चतुर्वेदी, जितेंद्र जाटव ने जनपद सीईओ सुनीता शर्मा से शिकायत कर बताया कि रामपुर क्षेत्र की पंचायतों में फर्जी तरीके से काम करा कर फर्जी फर्म में भुगतान किया जा रहा है, जिसमें उपयंत्री वाटरशेड गौरव जैन एवं ब्लॉक समन्वयक सत्येंद्र यादव जल संरक्षण के कार्य चेक डैम, तालाब जिनकी शासन द्वारा स्वीकृत राशि 15 लाख है के मूल्यांकन एवं माप पुस्तिका बिलो के प्रथम सिग्नेचर एफटीओ पर 20% कमिशन उपयंत्री गौरव जैन व एपीओ सत्येंद्र यादव लेते हैं। प्रत्येक कार्य पर 3 लाख उनका कमीशन बनता है जिसे वे सरपंचों के माध्यम से या अपना खुद का बिल लगाकर कार्य में लगााकर निकालते हैं सरकार बिल्डिंग मटेरियल जो फर्म है वह जनपद के इन दोनों कर्मचारियों की ही फर्म है। इनके कमीशन और भ्रष्टाचार का हिस्सा इसी फर्म में आता है। उक्त शिकायत पर से मामले की जाँच उपरांत पता चला कि जनपद पंचायत की 26 वाटर शेड पंचायत जिनमें उपयंत्री गौरव जैन है भुगतान के लिए 1 करोड़ 60 लाख के जो बिल लगे है उनमें सभी वाटर शेड की पंचायत है जो कि एक ही फर्म से प्रत्येक कार्य पर 2 से 3 लाख के बिल लगाए गए है।

### इनका कहना है...........

हमें शिकायत प्राप्त हुई कि सरकार बिल्डिंग मेटरिल नाम से जो फर्म है वह मौके पर नहीं है और इसमें फर्जी तरीके से भुगतान कराया जा रहा है। जिस पर से फर्म की जांच टीम बनाकर जांच कराई गई तो फर्म मौके पर या कहीं नहीं मिली है। इसके करोड़ों के बिल भुगतान के लिए जनपद मे पेंडिंग हैं, फिलहाल उनका भुगतान रोक दिया है। हम इन सभी विषयों पर जांच कर रहे हैं जल्द ही सब कुछ समाने आयेगा और मुझे जो संदिग्ध चीजें मिली है वह में ऊपर अपने वरिष्ठ अधिकारी जिला सीईओ को भेज रही हूं।

**सुनीता शर्मा**, सीईओ, जनपद पंचायत, सबलगढ़

# ओमिक्रॉन का बढ़ता खतरा

अभी कुछ समय पहले ही जब दक्षिण अफ्रीका में कोरोना के नए बहुरूप ओमिक्रॉन का मामला सामने आया था, तभी कई विशेषज्ञों ने चेतावनी दे दी थी कि अगर समय रहते इससे निपटने के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए तो यह खतरनाक रूप ले सकता है। हालांकि कोरोना की पहली और दूसरी लहर के त्रासद अनुभवों से सबक लेते हुए दुनिया भर में इस चेतावनी की अनदेखी तो नहीं की गई, लेकिन ऐसा लगता है कि इसे सीमित करने के प्रयास ज्यादा शिद्दत से किए जाने चाहिए थे। खबर आने के बावजूद ज्यादातर जगहों पर लोगों ने अपने स्तर पर सावधानी बरतना जरूरी नहीं समझा। अब भारत में भी ओमिक्रॉन ने अपने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। शुरुआती दौर में कर्नाटक सहित कुछ राज्यों में इसकी मौजूदगी के संकेत पाए गए, लेकिन अब गुजरते दिन के साथ अन्य इलाकों में भी इसका खतरा बढ़ता जा रहा है। देश भर में अब ओमिक्रॉन से संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यों भारत जैसे इतने बड़े देश में कुल संख्या के लिहाज से देखें तो संक्रमण का दायरा फिलहाल बहुत बड़ा नहीं दिखता है। लेकिन शुरुआती दौर से कोरोना के विषाणु के फैलाव का जो स्वरूप रहा है, उसके मद्देनजर कहा जा सकता है कि अगर वक्त रहते इसकी रोकथाम के इंतजाम नहीं किए गए, लोगों ने अपने स्तर पर एहतियात बरतना जरूरी नहीं समझा तो आने वाले दिनों में यह संकट बड़ा हो सकता है। यह किसी से छिपा नहीं है कि पिछले साल अप्रैल-मई में गंभीर स्थिति में पहुंचने से पहले कोरोना के मामले इक्के-दुक्के ही बताए गए थे और इसके बाद दूसरी लहर के पूर्व भी हालात नियंत्रण में लग रहे थे। लेकिन दोनों बार इसके कहर को दुनिया ने देखा। अभी ओमिक्रॉन अपने असर में भले गंभीर नहीं दिख रहा है, लेकिन यह ध्यान रखने की जरूरत है कि यह भी कोरोना विषाणु का एक नया बहुरूप है। पिछले करीब दो सालों के दौरान इसके असर के जैसे त्रासद अनुभव रहे हैं, उसके मद्देनजर इसे हल्के में लेना खतरनाक साबित हो सकता है। वैज्ञानिक भी बार-बार चेता रहे हैं कि ओमिक्रॉन भयानक रूप ले सकता है। अब तो विदेश में ओमिक्रॉन से मरने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। अब यह आशंका गहरा रही है कि आने वाले दिनों में एक बार फिर दुनिया के सामने कोरोना के इस नए बहुरूप से निपटना बड़ी चुनौती साबित होगी। विडंबना है कि भारी तादाद में लोगों के कोरोना विषाणु से संक्रमित होने और मारे जाने के बावजूद अब तक इसे लेकर पर्याप्त गंभीरता नहीं दिखाई देती है। हालांकि भारत में टीकाकरण की रफ्तार अपनी गति से चल रही है और अब तक बड़ी आबादी को टीके की खुराक दी जा चुकी है। मगर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि टीका लेने के बावजूद किसी को संक्रमण से पूरी तरह सुरक्षित नहीं माना जा सकता। अब तक इस विषाणु की जैसी प्रकृति देखी गई है, उसमें टीकाकरण के बाद भी संक्रमण से बचाव के सभी उपायों को निरंतरता में बरतने की सावधानी बनी रहनी चाहिए। इसी में लापरवाही संक्रमण के फैलाव को नया मौका मुहैया करा सकती है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि ओमिक्रॉन बहुरूप को हर स्तर पर गंभीरता से लिया और समय रहते इसके असर को नियंत्रित किया जाए।

# डब्ल्यूटीओ की आंख में खटकती एमएसपी

**देविंदर शर्मा**

न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी जामा पहनाने वाली किसानों की मांग के आलोक में एक सवाल बार-बार उठाया जाता है कि क्या ऐसा कोई कदम विश्व व्यापार संगठन के प्रावधानों का उल्लंघन करेगा? इससे यह विषय काफी महत्वपूर्ण बन जाता है, क्योंकि चंद अमीर मुल्क, जैसे कि अमेरिका, यूरोपियन संघ और कनाडा, भारत पर सब्सिडी सीमा को लांघने का इल्जाम लगाते हैं। जबकि भारत का पक्ष है कि खाद्य सुरक्षा एवं आजीविका सुनिश्चित करने को न्यूनतम समर्थन मूल्य व्यवस्था विश्व व्यापार संगठन के प्रावधानों के अनुरूप है, किंतु यह बात चंद सदस्य देशों को इस विवादित बिंदु को बारम्बार उठाने से नहीं रोक पा रही। चूंकि विकसित मुल्क की नज़र भारत के विशाल बाज़ार के बड़े हिस्से से लाभ उठाने पर गढ़ी है, जहां पहले ही लगभग 80 करोड़ से ज्यादा कुपोषित लोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत सरकारी राशन पर निर्भर हैं। खुद के सब्सिडी प्राप्त खाद्यान्नों को अन्य देशों में आयात की मंजूरी मिल सके, इस मंतव्य से उनके सरकारी खाद्यान्न भंडारण सीमा को घटवाना सदा उनका एजेंडा रहा है।

हालांकि जेनेवा में 20 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक निर्धारित 12वीं अंतर-मंत्रालय बैठक को स्विट्ज़रलैंड द्वारा कोविड के ओमिक्रॉन रूपांतर के मद्देनजर लगाए प्रतिबंधों की वजह से स्थगित करना पड़ा है, लेकिन इससे पहले समझौते के अंतिम मसौदे की बाबत गर्मागर्म बहस चली थी। बेशक कुछ देशों की इस बात को अंतिम मसौदे में जगह नहीं मिली, जब वे यह कहने तक चले गए कि 'रियायती आम खुराक' हेतु आवश्यक खरीद सीमा को कुल कृषि उत्पाद के 15 प्रतिशत तक सीमित किया जाए। यदि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती और इस बात के मद्देनजर कि विश्व भूख सूचकांक-2021 में 116 देशों में भारत 101वां शोचनीय स्थान रखता है, तब उक्त फैसले का खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चिंताजनक असर होना अवश्यांभी था।

यह वर्ष 2013 में बाली में विश्व व्यापार संगठन का अंतर-मंत्रालय सम्मेलन था, जिसमें भारत जैसे विकासशील देश जद्दोजहद के बाद अंतरिम 'शांति धारा' रूपी सुरक्षा पाने में सफल हुए थे। जहां एक ओर विकासशील देशों से उम्मीद की जाती है कि वे प्रशासित मूल्य के जरिए सब्सिडी को उत्पाद-विशेष की कीमत की 10 फीसदी (इसे डी-मिनिमिस स्पोर्ट कहते हैं) से कम रखेंगे, वहीं अमीर देशों के लिए यह ऊपरी सीमा 5 प्रतिशत निर्धारित है। अमेरिका, यूरोपियन यूनियन और केयर्न्स ग्रुप (निर्यातक देशों का एक समूह) के अन्य सदस्य मुल्क भारत द्वारा गेहूं और चावल पर तयशुदा सीमा से ज्यादा दी जाने वाली सब्सिडी को 'व्यापारिक विकृति' ठहराकर लगातार आवाज़ उठाते आते आए हैं। दूसरी ओर जी-33 समूह (47 विकासशील देशों का समूह) अपने गरीब एवं कुपोषित तबके और छोटे किसान की खाद्यान्न, आजीविका और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने की साझी समस्या का स्थाई हल निकालने को कह रहे हैं। वर्ष 2018-19 में भारत ने विश्व व्यापार संगठन की 'शांति धारा' का प्रयोग करते हुए सूचित किया कि डी मिनिमिस कीमत पार कर चावल पर सब्सिडी दी गई है। यह धारा विकासशील देशों को किसी व्यापारिक विवाद से सुरक्षित करती है, फिर भले ही सब्सिडी की ऊपरी सीमा का उल्लंघन क्यों न हो। यही वह युक्ति है, जिसको लेकर केयर्न्स समूह समेत विकसित देश खफा हैं और उनकी कोशिश इस 'सुरक्षा छतरी' को छीनने की रही है। विकसित मुल्कों का अन्य एतराज़ है कि सब्सिडी प्राप्त खाद्यान्नों का असर वैश्विक व्यापार पर पड़ता है। जबकि जी-33 समूह इस प्रावधान के तहत खरीदे गए खाद्यान्न की किसी भी मात्रा को निर्यात न करने पर सहमत हैं, इसलिए ऐसी खरीद से 'व्यापारिक विसंगति' बनती है, यह कहना बंद हो।

वर्ष 2018 में भारत और चीन ने विश्व व्यापार संगठन को संयुक्त प्रस्ताव में कहा था कि जिस तरह अमीर देश खुद एग्रीगेट मेसर ऑफ स्पोर्ट (एएमएस) प्रावधान का इस्तेमाल करके 160 बिलियन डॉलर मूल्य की 'व्यापार विकृति' सब्सिडी दे रहे हैं, उसे बंद करवाया जाए। भारत ने सितम्बर, 2021 के अपने नवीनतम पत्र में वैश्विक कृषि व्यापार में ऐसी विसंगति हटाने की अपील की है। इसमें खासतौर पर उन विषम व्यापारिक नियमों का उल्लेख किया गया है, जिससे संतुलन विकासशील मुल्कों के खिलाफ रहता है। भारत ने बाकायदा जोर देकर कहा है : 'संगठन के सात सदस्य -यूरोपियन यूनियन, जापान, अमेरिका, रूसी संघ, स्विट्ज़रलैंड, कनाडा और नॉर्वे- ऐसे हैं, जिनके पाले में फाइनल बाउंड एग्रीगेट मेजर ऑफ स्पोर्ट (एफबीएएमएस) ग्लोबल एनटाइटलमेंट का 96 फीसदी हिस्सा बन रहा है, जबकि शेष सदस्यों के हिस्से यह मात्रा 4 प्रतिशत से भी कम है। सरल शब्दों में, इसका मतलब है सबसे बड़े खिलाड़ी ही कृषि सब्सिडी ऊपरी सीमा के खुद सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं, फिर भी विकासशील देशों पर अंगुली उठाने में कोर-कसर नहीं छोड़ते।

अमेरिका और कनाडा में, केवल डेयरी सेक्टर को ही उत्पाद-विशेष सब्सिडी सहायता मद में 50 फीसदी से ज्यादा राहत सालों तक मिली है। बड़ी चतुराई से इस 'उत्पाद-विशेष मदद' को अब 'गैर-उत्पाद सहायता' में बांटकर दूसरों को बताया जा रहा है कि सवालिया सब्सिडी को अन्य महत्वपूर्ण व्यावासायिक व्यापारिक गतिविधियों के जरिए इस तरह नीचे रखा जा सकता है। उदाहरणार्थ वर्ष 1995 में अमेरिका में उत्पाद-विशेष सहायता मद में डेयरी एवं चीनी का सम्मिलित हिस्सा 91 प्रतिशत था, जो वर्ष 2001 में 37 फीसदी तो साल 2014 में और घटकर 18 फीसदी रह गया। लेकिन जहां डेयरी और चीनी का अंश लगातार घट रहा था वहीं कपास और मक्का पर दी जाने वाली सहायता 1995 में 2 प्रतिशत से उठकर 2001 में 28 फीसदी तो 2014 में 40 प्रतिशत तक आ गई। इसी तरह यूरोपियन यूनियन में, मक्खन, स्किम्ड मिल्क पाउडर और गेहूं का हिस्सा, जो 1995 में 17 प्रतिशत था, वह 2001 में 78 फीसदी हो गया।

जहां विकसित देश भारत पर गेहूं, चावल, चीनी और कपास पर सब्सिडी सीमा का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हैं, उनका अपना सब्सिडी बहीखाता बांचने पर खुलासा होता है कि वैश्विक व्यापारिक निज़ाम कितना पक्षपाती है। जहां भारत ने अब कहीं जाकर चावल पर तयशुदा 10 फीसदी सीमा से ऊपर सब्सिडी दी है वहीं अमेरिका उत्पाद-विशेष मद के तहत चावल पर 82 प्रतिशत सब्सिडी देता है तो यूरोपियन यूनियन में यह 66 फीसदी है, जो कि विश्व व्यापार संगठन द्वारा निर्धारित नियमों का कहीं बड़ा उल्लंघन है। इसी तरह चीनी पर अमेरिका की सब्सिडी सहायता 66 प्रतिशत है तो यूरोपियन यूनियन इससे दुगुनी यानी 120 फीसदी दे रहा है! अमीर मुल्कों द्वारा दी जाने वाली 'व्यापार विकृति' सब्सिडी की संपूर्ण रेंज की सावधानीपूर्वक विवेचना से पता चलता है कि कैसे व्यावसायिक महत्व वाली वस्तुओं (प्रसंस्कृत पर भी) दी गई बहुत भारी मदद के परिणाम में उनकी अंतर्राष्ट्रीय कीमतें कम ही रहती हैं। तो यह प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सब्सिडी है जो अंतर्राष्ट्रीय कीमतें निर्धारित करती है।

यदि 'शांति धारा' वह सुरक्षा छतरी है, जिसकी दरकार भारत को अपनी खाद्यान्न एवं पोषण सुरक्षा बनाने के लिए है वहीं न्यूनतम समर्थन मूल्य वह ढाल है, जिसकी जरूरत भारतीय किसान को अपनी आजीविका बचाने की खातिर है।

## कठिन काम

एक लड़का महात्मा के पास पहुंचा। लड़का बड़ा शैतान था, उसको देखते ही महात्मा ने भांप लिया। इसलिए मनोवैज्ञानिक ढंग से प्रतिबोध देने के लिए महात्मा बोले- बच्चे! तुम तो बड़े तेज दिखाई देते हो। वह अपनी प्रशंसा सुनकर खुश हुआ और कहने लगा - स्कूल में सब लड़के मुझसे डरते हैं। महात्मा- अच्छा, तुम सरल काम करना चाहते हो या कठिन? लड़का- मैं कठिन से कठिन काम करना चाहता हूं। महात्मा- तुम्हें कोई गाली दे तो तुम क्या करोगे? लड़का- मुझे कोई एक गाली देगा तो उसको दस गाली सुनाऊंगा। महात्मा- ऐसा करना सरल है या कठिन? लड़का- महात्माजी! यह तो मैं बड़ी आसानी से कर लेता हूं। महात्मा- तुम तो तेज लड़के हो, ?सा सरल काम क्यों करते हो? लड़का कुछ सकुचाता हुआ बोला- अच्छा, आज से मैं कठिन काम करूंगा। महात्मा- गाली सहना बहुत कठिन है। गाली सुनकर गाली देने वाले बहुत मिलेंगे, पर उस समय खामोश रहने वाले विरले ही होते हैं। लड़का- महात्मा जी! जैसा आपने कहा है, मैं वैसा ही कठिन काम करूंगा। लड़का महात्माजी को वचन देकर आगे चला तो उसे एक दोस्त मिला। उसने एक कंकर उस पर फेंका। वह बालक तिलमिला गया। इतने में उसे महात्मा के शब्द याद आ गए। वह शांत खड़ा रहा। सामने वाला बच्चा यह देखकर दंग रह गया। वह बोला- भैया! मैंने अच्छा नहीं किया, क्षमा करना। ऐसा सुनकर उसने संकल्प कर लिया कि जीवन की स्वस्थता के लिए वह ?से ही काम करेगा।

# कहो तो कह दूँ: मुर्दा तक तनाव में है कि स्वर्ग की हूरें मिलेंगी कि नर्क के यमदूत

**चैतन्य भट्ट**

एमिटी विश्वविद्यालय के नैनो टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट ने आनंद उत्पन्न करने वाले अणु आनंदमाईड को मापने के लिए एक ऐसा सेंसर तैयार किया हैं जिसकी मदद से ये पता चल पायेगा की आप आनंद में हैं तनाव में हैं या अवसाद मेंद्य जैसे शुगर की जाँच के लिए थोड़े से खून की जरूरत होती है वैसे ही इसके लिये भी पड़ेगी द्य आनंद या तनाव को नापने के लिए आपको मात्र दो सौ पचास रूपये खर्च करने पडेंगे द्य अपनी तो समझ से बाहर है कि आनंद या तनाव मापने के लिए इतनी बड़ी खोज करने और अणु को ढूंढ निकालने के लिए इतनी मेहनत करने की जरूरत ही क्या है द्य ये तो चेहरा देख कर से ही पता लग जाता है कि आदमी आनंद में है या तनाव मेंद्य अपने हिसाब से तो इस देश का बच्चा बच्चा तनाव और अवसाद में हैद्य शुरू करते हैं नेताओं से, हर मंत्री इस तनाव में है कि मंत्री की कुर्सी न छिन जाये, विधायक को इस बात का तनाव है कि अगली बार टिकिट मिलेगी या नहीं और अगर मिल गयी तो जीतेंगे या नहीं, वोटर को इस बात का तनाव और अवसाद है कि इस बार भी किसी झूठे वायदे करने वाले को वोट तो देना ही पड़ेगाद्य व्यापारी को इस बात का तनाव है कि माल तो भर लिया है बिकेगा भी या नहीं, डाक्टर इस बात से अवसाद में है कि उसका मरीज बचेगा या नहीं और मरीज इस तनाव में है कि जैसे ही ठीक होकर अस्पताल से डिस्चार्ज होगा तो लाखों का बिल उसके सामने होगा उसे वो चुकाएगा कैसेद्य जनता इस तनाव में है कि मंहगाई से कैसे लड़ें , इनकम तो उतनी ही है लेकिन मंहगाई सुरसा की तरह मुंह फैला रही है द्य नौजवानों को इस बात का अवसाद डुबो रहा है कि डिग्री तो ले ली है लेकिन काम नहीं मिला पा रहा है , बिल्डर को अपने मकान न बिक पाने का तनाव है तो खरीददार को उनकी कीमत से तनाव है द्य लड़कियों का तनाव इसलिए है कि उन्हें अच्छा पति मिलेगा या नहीं और लड़कों को इस बात की चिंता है कि एक बार शादी हो जाएगी तो जिंदगी भर बीबी की डांट खाते रहना पड़ेगा द्य बेटी के बाप को



दहेज़ देने का तनाव है तो लड़के वालों को इस बात का कि बारात का स्वागत ठीक से होगा या नहीं वरना लड़के का फूफा नाराज हो जाएगा द्य बच्चे इस तनाव में जी रहे है कि ढाई साल के होते ही स्कूल में भर्ती कर दिए जायेंगे भले ही वो प्ले ग्रुप हो गर्भ में पल रहे शिशु को भी भारी तनाव है कि बहुत जल्द इस जालिम दुनिया में जन्म लेना पड़ेगा, उधर उसकी अम्मा इस तनाव में है कि लड़का होगा या लड़की, यानि जिसे देखो वो तनाव और अवसाद में हैद्य ये सेंसर आनंद नापने के लिए बनाया गया है देख लेना अपन बताये देते हैं कि आनंद मापने के इस सेंसर का रिजल्ड जीरो ही आएगा हाँ अवसाद और तनाव जब नापा जाएगा तो उसका रिजल्ड हंड्रेड परसेंट होगाद्य तनाव और अवसाद की तो ये हालत है कि चिता पर लेटे मुर्दे को भी इस बात का तनाव है कि यमराज उसे नर्क में ले जाएंगे या स्वर्ग में, उसे हूरो के संग मस्ती करने का मौका मिलेगा या फिर उसे नर्क में यमदूत हण्टरों से पीटेंगे, उसे खूबसरत अप्सराएं अपने हाथों से सुरा पान करवाएंगी कि काळा भयानक यमदूत उसे गर्म तेल की कढ़ाही में डाल कर तलेंगे द्य अब आप खुद ही सोचो जब मरने के बाद भी इंसान तनाव और अवसाद में है तो फिर ज़िंदा तो तनाव में रहेगा न ।

### जान बचा ली आपकी कांग्रेसियों

कांग्रेसियों को इस बात के लिए मध्यप्रदेश की बीजेपी की सरकार और उसके वन मंडल अधिकारी का तो शुक्र गुजार होना चाहिए कि उसने आप लोगों की जान पर आने वाले संकट से आपको बचा लियाद्य अब आप पूछोगे कि कैसे तो हम बतलाये देते हैं द्य आपको तो पता ही है इस समय प्रदेश की राजनीति में दो ही मुद्दे छाये हुए हैं पहला आदिवासी समाज और दूसरा ओबीसी आरक्षण द्य दोनों ही पार्टियां आदिवासियों को लुभाने जी जान से जुटी हुई हैं हाल ही में मध्यप्रदेश में आदिवासी सम्मलेन हुआ जिसमें प्रधान मंत्री तक ने शिरकत की। उधर जबलपुर में कमलनाथ दिग्विजय सिंह शामिल हो गए मध्य प्रदेश की मामाजी की सरकार ने हबीबगंज स्टेशन का नाम बदलकर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन कर दिया।

# हींग लगे न फिटकरी....! - सरकारी धन से चुनाव प्रचार की रीति.... कहाँ तक ठीक....?

## सूडोकु नवताल- 5928

✱✱✱✱✲ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.


### सूडोकु नवताल -5927 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

**ओमप्रकाश मेहता**

आपको याद होगा प्रसिद्ध विचारक अब्राहम लिंकन द्वारा रचित प्रजातंत्र की वह परिभाषा जिसमें 'प्रजा' को अहम् बताते हुए कहा गया था- ''सरकार जनता की, जनता के लिए और जनता के द्वारा'' (गवर्तमेंट ऑफ द पिपुल, फॉर द पिपुल एण्ड ऑफ द पिपुल)। किंतु मौजूदा राजनीति ने इस परिभाषा को बदलकर 'जनता' (पिपुल) की जगह 'सत्ता' को बैठा दिया है, अर्थात् अब प्रजातंत्र की परिभाषा ''सरकार सत्ता के लिए, सत्ता के द्वारा और सत्ता की'' हो गई है, अब प्रजातंत्र से 'प्रजा' को लोप हो गया है और 'तंत्र' सत्ता का सेवक बनकर रह गया है, यहाँ 'सत्ता' से मतलब स्वार्थ की राजनीति से है। आज की राजनीति का एक मात्र लक्ष्य 'जनसेवा' नहीं, सिर्फ और सिर्फ 'सत्ता' रह गया है। अर्थात् आज की सरकारें जितने भी जनसेवा का नबाक ओढ़कर कार्य करता है, वे सब स्वार्थपूर्ण राजनीति व सत्ता की चासनी में लिपटे होते है। जनता से करों के रूप में वसूली गई भारी धनराशि से जितने भी कथित विकास कार्य किये जा रहे है उन विकास कार्यों के पीछे भी 'जनसेवा' कम राजनीतिक 'ढ़िंढोरा' ज्यादा होता है, फिर वे चाहे हजारों किलोमीटर की सड़कों के निर्माण हो या अन्य कोई कार्य और अब तो यह रीत ही बन गई है कि जनता से एकत्र सरकारी धन ऐसे कार्यों पर खर्च करो जिनसे राजनीतिक स्वार्थ सिद्धी ज्यादा हो, फिर चाहे वे जनता के लिए उपयोगी हो या नहीं?

....और अब तो उत्तरप्रदेश ने कुछ ऐसी स्वार्थ सिद्धी की पवित्र नदियों के



नाम पर राजपथ निर्माण की ऐसी आंधी चलाई कि वह सभी भाजपाशासित राज्यों में तेजी से फैलती जा रही है, उत्तरप्रदेश में 'गंगा' के नाम पर तो मध्यप्रदेश में 'नर्मदा' के नाम पर लम्बे राजपथ तैयार किये जा रहे है।

यह तो हुई जनता की गाढ़ी कमाई की बर्बादी की चर्चा, अब यदि मौजूदा राजनीति को प्रजातंत्र के अन्य मूल सिद्धांतों की कसौटी पर कस कर देखें तो हमें हर तरफ निराशा ही निराशा महसूस होने लगती है। निराशा का मूल कारण अब राज कार्यों में राजनीतिक स्वार्थ की मात्रा अधिक होना व जनसेवा का अंश कम होना है। आज हर कहीं यही देखने को मिलता है कि जिस भावना से चुनाव लड़े जाते है और जिस अपेक्षित भावना से जनता अपने प्रतिनिधि चुनती है दोनों तत्वों के बीच सोच-समझ का काफी अंतर पैदा हो गया है, चुनावी घोषणा-पत्र अब सिर्फ जनता को आकर्षित करने के माध्यम ही बनकर रह गए है न इन घोषणा-पत्रों की घोषणाओं को मूर्तरूप मिल पाता है और न लाखों मतदाताओं के सामने किये गए वादें ही पूरे हो पाते है, पांच सालों के साढ़ महीनों में एक या दो महीने जनता (मतदाता) की पूछ-परख के होते है, बाकी अट्ठावन महीनें मतदाता ही याचक बने रहने को मजबूर होता है, यह भी आजकी आम राजनीति का मुख्य चलन बन गया है। यह बात मैं किसी राजनीतिक दल विशेष के बारे में नहीं बल्कि राजनीति के पूरे 'कुएँ' में घोली गई 'स्वार्थ' की 'भाँग' की बात कर रहा हूँ। आज सत्ता प्राप्ति तक सत्ता हथियाने के हथकंड़ों पर जोर दिया जाता है और सत्ता का सिंहासन प्राप्त होने के बाद इस सिंहासन को 'दीर्घजीवी' बनाने के जोड़-तोड़ शुरू हो जाते है और यह प्रक्रिया अगले चुनाव होने तक अनवरत जारी रहती है और इन्हीं प्रयासों या जोड़-तोड़ की 'धुंध' में 'जनसेवा' का लोप हो जाता है, आज की राजनीति की यही त्रासदी है। आज शासन की सेवा करने वाला आम सरकारी मुलाजिम अपनी जिन्दगी के तीन दशक पूरे आत्म समर्पण भाव से सरकार को सौंपने के बाद भी उसे शेष जिन्दगी गुजारने के लिए वे सब संसाधन नहीं मिल पाते जो महज पांच साल सरकार में अहम पदों पर रहकर लूटमार करने वाले राजनेताओं को मिल जाते है, सेवा करने और सेवा का ढ़िंढोरा पीटने वालों के बीच आज के प्रजातंत्र में यही मूल अंतर है, क्या यही सब दिखाने के लिए हमारे पूर्वज शहीदों ने अपना सर्वस्व लुटाकर आजादी प्राप्त की थी, अभी देश की जनता की इस दिशा में 'तंद्रा' टूटी नहीं है, जिस दिन जनता जागृत हो जाएगी तो फिर क्या होगा? कल्पना से परे है?

# भारतीय सेना के महान योद्धाः जनरल बिपिन रावत साहब

**विकास कुमार**

भारतीय भूमि में कई ऐसे अमर साधक वाले बड़े जिनके शौर्य, वीरता और साहस की अमिट छाप इतनी प्रभावकारी रही कि कहानियों से आने वाली पीढ़ियां सीख लेती रहती हैं। व्यावहारिक जगत में उनके चले जाने का गम सभी प्रकार के समुदायों को होता है। सभी सहज भाव से उनको याद करते हैं। 8 दिसंबर, 2021 को एमआई-17वी-5 हेलीकॉप्टर की दुर्घटना के पश्चात पूरा देश शोक में डूब गया था। इस विमान में भारत के प्रथम चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत एवं उनकी धर्मपत्नी मधुलिका रावत सहित अन्य अधिकारियों का भाषण निधन हो गया। इस घटना को लेकर कई प्रकार के सवाल खड़े हो रहे हैं जनरल साहब का हेलीकॉप्टर का सोना आकाश में घटना थी साजिश थी या अन्य कुछ, इस विषय में सरकार ने इस संबंध के जानकार तथा विशेषज्ञों की कमेटी गठित कर जांच करने के आदेश दिए हैं। जनरल बिपिन रावत सेना प्रमुख के साथ एक अच्छे रणनीतिकार युद्ध विशेषज्ञ एवं सेना में कई क्षेत्रों के नवीनीकरण एवं नवाचार करने के अग्रणी थे। उन्होंने सेना में कई ऐसे सुधार की जिससे आने वाली सेना में पीढ़ियां भविष्य में लाभान्वित हो सकेंगे। उनका मानना था कि सेना नौकरी या व्यवसाय नहीं है इसमें भारती होना राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्र गौरव है। भारतीय सेना में लड़कियों का प्रवेश भारतीय सेना में लड़कियों का प्रवेश कराने में उनका प्रमुख और अहम योगदान था। उनका सपना था कि भारतीय सेना विश्व की श्रेष्ठ एवं सर्वोच्च सेना बने, इस कार्य हेतु उन्होंने भारत का प्रयास भी किया। देश भक्ति और राष्ट्र प्रेम उनके रग-रग में भरा था जिसके लिए वह सदैव तैयार रहते थे ।किसी भी संकट का पूर्वानुमान एवं उसके खातिर सशक्त रणनीति का संचालन तथा उसको अपने अनुभवों से निपटाना इस प्रकार की उनमें अटूट प्रतिभा थी। साथ ही वह त्वरित निर्णय लेने में भी तत्परता दिखाते थे और अपनी सूझबूझ से उस घटनाक्रम को सुलझा लेने की पहल भी करते थे। इनका जन्म इनका जन्म 16 मार्च , 1958 को गढ़वाल ( वर्तमान पौढी गढ़वाल उत्तराखंड) में हुआ था। वह बचपन से ही दूर दृष्टि रखने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थी थे। यही कारण रहा कि विद्यार्थी जीवन में भी उनको कई पुरस्कारों से नवाजा गया। उनकी शुरुआती शिक्षा देहरादून के कैबरीन हाल स्कूल और शिमला में सेंट एडवर्ड स्कूल में हुई।

# कुशन कवर्स खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान, घर लगेगा खूबसूरत



घर की सजावट के लिए लोग कई तरह की चीजें खरीदना पसंद करते हैं, उन्हीं में से एक है कुशन कवर। जी हां, सोफे या फिर कुर्सी की शोभा बढ़ाने में कुशन कवर्स काफी मदद करते हैं। हालांकि, ऐसा तभी संभव है, जब आप सोच-समझकर अपने घर के लिए कुशन कवर्स का चयन करें। आइए जानते हैं कि कुशन कवर्स खरीदते समय आपको किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि आप अपने घर के लिए परफेक्ट कुशन कवर्स खरीद सकें।

**फैब्रिक होना चाहिए सही:** कुशन कवर्स की खरीदारी करते समय उनके फैब्रिक पर ध्यान देना बेहद जरूरी है क्योंकि इसका फैब्रिक उनकी शेल्फ लाइफ ही नहीं बल्कि लुक पर भी प्रभाव डालता है। अगर आप कुशन कवर्स के जरिए अपने लिविंग रूम को खास अवसरों पर अलग लुक देना चाहते हैं तो ऐसे में लिनन, जेकक्वार्ड और वेलवेट का विकल्प चुन सकते हैं। वहीं, अगर आप एक लॉन्ग लास्टिंग कुशन कवर्स की तलाश में हैं तो ऐसे में पॉलिएस्टर और कॉटन विकल्प बेहतर होगा।

**माप और आकार के अनुसार करें चयन:** जब भी आप कुशन कवर्स खरीदने जाए तो उसके माप और आकार पर खास ध्यान दें। यूं तो मार्केट में स्टैन्डर्ड चकोर आकार के कुशन मिलते हैं, जिनके कवर्स भी आसानी से मौजूद हैं, लेकिन अगर अपने अपने घर के लिए कुशन को कस्टमाइज करवाया है तो यह जरूरी है कि आप उसके माप और आकार पर अतिरिक्त ध्यान दें। हालांकि, आपको कुशन के अनुसार कवर्स न मिलें तो आप अलग से फैब्रिक खरीदकर कुशन कवर्स को सिलवाएं।

**रंग पर दें ध्यान:** कुशन कवर्स के रंग की बात करें तो इनका रंग आदर्श रूप से बाकी सामान के हिसाब से होना चाहिए। आप ऐसे कुशन कवर्स चुन सकते हैं, जिनका रंग कमरे की सजावट से मिलता हो या फिर जिनका रंग सामानों के रंग के बिल्कुल विपरीत हो। बेहतर होगा कि आपके कुशन कवर्स का रंग ऐसा हो जो आपकी सोफे के रंग से मेल खाता हो। इस तरह के कुशन कवर्स देखने में बेहद ही खूबसूरत लगते हैं।

**इस तरह के प्रिंट्स चुनें:** बाजार में मौजूद कुशन कवर्स में प्रिंट्स और डिजाइन्स की भी कोई कमी नहीं है, इसलिए आपको अपने कुशन के प्रिंट्स भी समझदारी से चुनने चाहिए। उदाहरण के लिए, अगर आपके कमरे की दीवारें प्लेन हैं तो आप ग्राफिक प्रिंटेड या बोल्ड पैटर्न कवर्स को चुन सकते हैं।

## पहली बार स्क्रीन पर साथ दिखेंगे अर्जुन रामपाल और विद्युत जामवाल, होगा जबरदस्त ऐक्शन



अर्जुन रामपाल अपने डैशिंग लुक्स और स्टाइल के अलावा ऐक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। इस बीच खबर है कि उन्होंने एक ऐक्शन फिल्म साइन की है। खास बात यह है कि फिल्म में ऐक्टर विद्युत जामवाल भी नजर आएंगे। यह पहला मौका होगा जब दोनों ऐक्टर्स किसी फिल्म में साथ दिखेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस अनाम फिल्म की स्टोरी लाइन जबरदस्त होगी और यह एक कमर्शल ऐक्शन फिल्म होगी। फिल्म में अर्जुन नेगेटिव रोल में दिखाई देंगे। वहीं, खुद को ऐक्शन हीरो के रूप में स्थापित कर चुके विद्युत अपने प्रॉडक्शन के तले ही फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। दोनों का फिल्म में लुक काफी अलग होगा। बताया जा रहा है कि नवंबर के आसपास फिल्म की शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि, प्रॉजेक्ट से जुड़ी बाकी जानकारी को अब तक रिवील नहीं किया गया है। 'द बैटल ऑफ भीमा कोरेगांव' के बचे हुए हिस्सों की शूटिंग पूरी करने के बाद अर्जुन इस ऐक्शन फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। वहीं, विद्युत जामवाल तब तक अपनी फिल्म 'खुदा हाफिज 2' भी पूरी कर लेंगे जिसकी शूटिंग लखनऊ में चल रही है। इसके अलावा विद्युत ऐक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सनक' में दिखाई देंगे। बात करें अर्जुन की तो वह 'द रेपिस्ट', 'धाकड़', अब्बास-मस्तान की नेटफ्लिक्स थ्रिलर 'टेंट हाउस' जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।



# जल्द ही बॉलीवुड की फिल्मों में अपना पदार्पण करेंगी कल्याणी प्रियदर्शन



दक्षिण भारतीय फिल्मों के कई कलाकार बॉलीवुड में अपने अभिनय का जौहर दिखा चुके हैं। उन्होंने अपने हुनर से एक पैन इंडिया एक्टर की छवि बनाई है। अब इस कड़ी में एक और नाम जुड़ गया है। हिन्दी फिल्मों के मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन की बेटी और साउथ अभिनेत्री कल्याणी जल्द ही बॉलीवुड की फिल्मों में अपना पदार्पण करेंगी। इस संबंध में खुद फिल्ममेकर प्रियदर्शन ने जानकारी शेयर की है। प्रियदर्शन ने खुलासा किया है कि उनकी बेटी कल्याणी बॉलीवुड की फिल्मों में डेब्यू करेंगी। ये अलग बात है कि प्रियदर्शन अपनी फिल्मों के जरिए कल्याणी को लॉन्च नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, वह एक स्पष्ट और नेतृत्व करने वाली लड़की है, जो जानती है कि उसे क्या चाहिए और क्या नहीं। वह निश्चित रूप से यह नहीं चाहती कि मैं उसे बॉलीवुड में लॉन्च करूं। प्रियदर्शन ने आगे बातचीत करते हुए कहा, जब कल्याणी ने अभिनेत्री बनने का फैसला किया था, तो उसके लिए केवल एक ही शर्त थी कि उन्हें उनके पिता द्वारा लॉन्च नहीं किया जाएगा। उन्होंने साउथ फिल्मों में अपनी बेटी कल्याणी की एक्टिंग डेब्यू को लेकर भी अनुभव साझा किया है। उनका मानना है कि वह चाहते तो साउथ इंडस्ट्री में कल्याणी को लॉन्च करने के लिए दर्जनों फिल्में बना सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। प्रियदर्शन ने कहा कि साउथ फिल्मों में कल्याणी ने तेलुगु फिल्म हेलो से डेब्यू किया था। इस फिल्म का निर्माण साउथ स्टार नागार्जुन ने किया था। नागार्जुन के बेटे अखिल अक्किनेनी इस फिल्म में नजर आए थे। प्रियदर्शन ने साफ तौर पर कहा कि साउथ फिल्मों में डेब्यू की तरह ही वह कल्याणी की बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे। किसी और फिल्ममेकर के द्वारा कल्याणी को लॉन्च किया जा सकता है। हेरा फेरी जैसी मशहूर कॉमेडी फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने ही किया है। हाल में आई फिल्म हंगामा 2 को लेकर वह सुर्खियों में थे। इस फिल्म में शिल्पा शेट्टी और परेश रावल अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

# अक्षय कुमार की पहली फिल्म की हीरोइन शांति प्रिया करेंगी डिजिटल डेब्यू

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की पहली फिल्म सौगंध 1991 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय के अपोजिट भूमिका में अभिनेत्री शांति प्रिया नजर आई थीं। शांति ने इस फिल्म से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा था। ये अलग बात है कि हिन्दी फिल्मों में वह अपना दबदबा हासिल नहीं कर पाई हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि वह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू करने वाली हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अक्षय की पहली फिल्म की हीरोइन रहीं शांति अपना डिजिटल डेब्यू करेंगी। कहा जा रहा है कि वह जल्द ही एक वेब सीरीज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी। इस सीरीज के साथ 6 साल बाद वह



एक्टिंग की दुनिया में वापसी करने वाली हैं। खबरों की मानें तो वह द धारावी बैंक नामक वेब सीरीज में नजर आएंगी। हालांकि, इस संबंध में अभी आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। शांति के एक करीबी सूत्र ने इस खबर की पुष्टि की है। इस सीरीज के बारे में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। बताया गया है कि उन्होंने इससे पहले तीन बार फिल्मों से ब्रेक लेकर एक्टिंग में वापसी की हैं। फिल्मों के अलावा इस अभिनेत्री ने कई टीवी सीरियल में भी काम किया है। वह माता की चौकी और द्वारकाधीश जैसे धारावाहिकों में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा साउथ की फिल्मों में भी उन्होंने अपना जलवा दिखाया है। पिछले साल शांति तब चर्चा में आ गई थीं, जब उन्होंने कहा था कि उन्हें बॉलीवुड में नस्लवादी टिप्पणियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा था कि करियर के शुरुआती दौर में उन्हें इस प्रकार के अनुभव से गुजरना पड़ा था। शांति ने कहा कि इसके बाद ही उन्होंने बॉलीवुड को छोड़ने का मन बना लिया था।

## आदित्य रॉय कपूर अभिनीत फिल्म थाडम की हिन्दी रीमेक में दिखेंगी मृणाल ठाकुर




काफी समय से तमिल फिल्म थाडम की हिन्दी रीमेक बनने की चर्चा चल रही है। निर्माता मुराद खेतानी ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का ऐलान किया था। इस फिल्म में पहले सिद्धार्थ मल्होत्रा मुख्य भूमिका निभाने वाले थे। हाल में खबर सामने आई थी कि आदित्य रॉय कपूर फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। अब जानकारी सामने आ रही है कि इस फिल्म में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की एंट्री हो गई है। आदित्य की थाडम की हिन्दी रीमेक में मृणाल शामिल हो गई हैं। काफी समय से मृणाल के इस फिल्म में शामिल होने की चर्चा चल रही थी। वह फिल्म में आदित्य के अपोजिट फीमेल लीड किरदार अदा करेंगी। मृणाल ने कहा, जब मैंने फिल्म की कहानी सुनी, तो मुझे तुरंत पता चल गया था कि मुझे इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहिए। मेरा किरदार पेचीदा है और एक पुलिस वाले की भूमिका निभाना मेरी प्राथमिकता में था। मृणाल ने कहा कि इस फिल्म में उनका किरदार बिल्कुल अलग होने वाला है। उन्होंने कहा कि दर्शकों के समक्ष इस किरदार में सामने आने के लिए वह बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। मृणाल ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भी इस फिल्म में शामिल होने की पुष्टि कर दी है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, वर्धन केतकर द्वारा निर्देशित तमिल हिट फिल्म थाडम की हिन्दी रीमेक में काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर में शुरू होगी। मुराद और भूषण कुमार मिलकर इस फिल्म का निर्माण करेंगे।

# टाइट कपड़ों में सड़क पर दिखी जॉर्जिया एंड्रियानी



1998 में मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान ने शादी की थी लेकिन उनका तलाक हो चुका है और आज इनका 18 साल का एक बेटा भी है फिलहाल तो अरबाज खान मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी के साथ रिलेशनशिप में है तो वहीं दूसरी तरफ मलाइका अरोड़ा भी बॉलिवुड ऐक्टर अर्जुन कपूर को डेट कर रही है . आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी दिखने में काफी हॉट और बोल्ड है हाल ही में मुंबई की सड़क पर जॉर्जिया एंड्रियानी को कैमरे में कैद किया गया. अभी तस्वीरो में देख सकते हो कि वह स्किन टाइट कमरों में काफी हॉट लग रही है और कुछ लोगों ने इनको देखने के बाद सोशल मीडिया पर इनको भला बुरा कहना शुरू कर दिया. जॉर्जिया एंड्रियानी अक्सर हॉट लुक में मुंबई के बांद्रा इलाके में स्पॉट होती है। जॉर्जिया का सेक्सी लुक के लाखों दीवाने है। बता दें जॉर्जिया एंड्रियानी ने सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोवर्स है, उनकी हॉट तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर तहलका मचाती रहती है। सिंपल लुक में हॉटनेस का तड़का लगाती हुई जॉर्जिया कातिलाना लुक में हमेशा इंटरनेट पर छाई हुई रहती है। जॉर्जिया एंड्रियानी हमेशा अपने डॉग को घुमाने घर से बाहर जरुरु आती है। उनका हर स्पोटेड लुक लोगों का दिल चुरा लेता है। जॉर्जिया एंड्रियन एक मॉडल हैं और इन्होंने कई सारे विज्ञापन कर रखे हैं. मॉडलिंग के अलावा जॉर्जिया एंड्रियन ने गेस्ट इन लंदन नाम भारतीय फिल्म में भी कार्य किया हुआ है और ये फिल्म साल 2017 में आई थी. हालांकि इस फिल्म के जरिए जॉर्जिया को कुछ ज्यादा पहचान नहीं मिल पाई थी. अरबाज और जॉर्जिया की आयु में काफी बड़ा अंतर है।

# क्या है हेयर परफ्यूम, जानिए बालों को कैसे पहुंचाता है फायदा



मानसून का मौसम भले ही भीषण गर्मी से राहत दिलाने में मदद करता है. लेकिन इस मौसम में बैक्टीरियल और वायरल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है. बारिश में नमी और उमस होने के कारण अधिक पसीना आता है. इससे बाल और त्वचा में चिपचिपाहट महसूस होती है. वहीं, कुछ लोगों को जरूरत से ज्यादा पसीना आता है जो आपकी परेशानियों को बढ़ा देता है. ज्यादातर लोग इस बात को नजरअंदाज कर देते हैं. लेकिन अधिक पसीने की वजह से त्वचा और बालों की समस्या बढ़ जाती है. त्वचा में खुजली, रेडनेस, मुंहासे होते हैं. इसके अलावा बालों से बदबू आती है. इस समस्या को देखते हुए मार्केट में हेयर परफ्यूम आने लगे हैं.

ज्यादातर लोगों को हेयर परफ्यूम के बारे में जानकारी नहीं है, इसलिए इसका इस्तेमाल भी कम होता है. शरीर की दुर्गंध के लिए परफ्यूम और डिओडोरेंट का इस्तेमाल करते हैं ठीक उसी तरह बालों की बदबू को दूर करने के लिए हेयर परफ्यूम लगा सकते हैं. ये आपके बालों को खुशबूदार बनाए रखने में मदद करता है. आइए जानते हैं इसके फायदों के बारे में.

### हेयर परफ्यूम के फायदे

1. हेयर परफ्यूम बालों को खुशबूदार रखने में ही मदद नहीं करते हैं बल्कि सूरज की हानिकारक किरणों से भी बचाने में मदद करता है. इसके अलावा बालों की ग्रोथ और वॉल्यूम को बढ़ाने में मदद करता है. इससे बालों का टूटना- झड़ना कम होता है रूखेपन से भी बचाव होता है.
2. हेयर परफ्यूम बालों को पोषण देने का काम करता है. आप इसका इस्तेमाल शैंपू के बाद कर सकते हैं. इससे बालों में नमी और पोषण मिलता है जो बालों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करता है.
3. हेयर परफ्यूम बालों को खुशबूदार रखने के साथ- साथ बालों को शाइनी भी बनाने में मदद करता है. इसके साथ ही बालों से एक्सट्रा ऑयल निकालने में मदद करता है. बालों को मॉश्चराइज करने के लिए हेयर परफ्यूम का इस्तेमाल कर सकते हैं.
4. अगर आपको बाहर जाना है बालों को धोने का समय नहीं है तो हेयर परफ्यूम का इस्तेमाल कर बालों के लुक को बदल सकती है. इसे लगाने से आपके बाल शाइनी नजर आएंगे.
5. अगर आपको लगता है कि हेयर परफ्यूम लगाने से बालों को नुकसान पहुंचता है तो हम आपको बता दें ऐसा नहीं होता है।

## सनी देओल और श्रुति हासन अभिनीत बाल्की की फिल्म में अभिनेत्री रेवती भी आएंगी नजर

दमदार एक्शन के लिए चर्चित अभिनेता सनी देओल काफी समय से निर्देशक आर बाल्की की फैमिली ड्रामा फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल में जानकारी सामने आई थी कि बाल्की सनी और श्रुति हासन को साथ लेकर अपनी अगली फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं। अब इस फिल्म में एक और अभिनेत्री की एंट्री हो गई है। खबरों की मानें तो साउथ अभिनेत्री रेवती फिल्म में सनी की पत्नी की भूमिका में नजर आएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, बाल्की की अगली फैमिली ड्रामा फिल्म में दक्षिण भारतीय अभिनेत्री रेवती को सनी की पत्नी की भूमिका के लिए चुना गया है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में सनी और रेवती एक विवाहित जोड़े के रूप में नजर आएंगे। दिलचस्प है कि फिल्म में श्रुति अभिनेता सनी और रेवती की बेटी की भूमिका में दिखने वाली हैं। यह फिल्म माता-पिता और बेटी के बीच के भावनात्मक रिश्ते के इर्दगिर्द होगी। एक सूत्र ने कहा, लॉकडाउन के दौरान बाल्की ने दो अलग-अलग विषयों थ्रिलर और फैमिली ड्रामा पर अपना फोकस किया था। इनमें दुलकर सलमान की थ्रिलर फिल्म की शूटिंग अक्टूबर तक पूरी होने की उम्मीद है। वहीं, फैमिली ड्रामा फिल्म की शूटिंग साल के अंत तक या अगले साल की शुरुआत में शुरू हो सकती है। सूत्र ने बताया कि बाल्की की यह फिल्म काफी संवेदनशील और उनके दिल के करीब है। अभी फिल्म की कास्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। सूत्र ने बताया, सनी और रेवती फिल्म में एक कपल के रूप में नजर आएंगे। इसमें उनकी वैवाहिक जिंदगी को काफी हंगामेदार दिखाया जाएगा। फिल्म में श्रुति बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आएंगी। खबरों की मानें तो फिल्म की कहानी में यह दिखाया जाएगा कि कैसे एक बेटी अधेड़ उम्र के कपल के बीच प्यार को जगाने में मदद करती हैं। फिल्म का निर्देशन बाल्की ही करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, सनी और श्रुति ने फिल्म के लिए पिता और बेटी के किरदार निभाने के लिए अपनी सहमति जतायी है। इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर, 2021 के आसपास शुरू हो सकती है। सनी के इस प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले बाल्की अपनी एक थ्रिलर फिल्म की शूटिंग पूरी करेंगे। बाल्की चीनी कम, पा और की एंड का जैसी फिल्मों को निर्देशित कर चुके हैं।

# बाल मजदूरी के विरुद्ध हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।बाल मजदूरी के विरुद्ध जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

**ज़ यूनिसेफ मध्यप्रदेश की आगाज़ इंटर्नशिप के तहत हुआ कार्यक्रम**

**ज़ शॉर्ट फिल्म दिखाकर किया जागरूक।**

**ज़पी पी टी के माध्यम से समझाए कानूनी प्रावधान।**



शहर के स्थानीय शासकीय उ. म. विद्यालय क्र.02 भिंड में सोमवार को बाल मजदूरी के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमे छात्रों को शॉर्ट फिल्म दिखाकर और प्रशिक्षण के माध्यम से जागरूकता कार्य किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में बाल मजदूरी विषय पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म दिखाई गई। तत्पश्चात यूनिसेफ मध्यप्रदेश के साथ आगाज़ इंटर्नशिप कर रहे धर्मेन्द्र सिंह तोमर ने कार्यक्रम में बच्चों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया। इस दौरान श्री तोमर ने बताया कि भारत में करीब 1.01 करोड़ बच्चे भिन्न भिन्न कारणों से बाल मजदूरी में संलग्न है जिसमे 56 लाख लड़के तथा 45 लाख लड़कियां है, वही दुनिया में 15.20 करोड़ बच्चे बाल मजदूरी के शिकार हैं, हमारे आस पास हर 10 में से एक बच्चा बाल मजदूरी का शिकार है। बच्चों का काम स्कूल जाना है न की बाल मजदूरी करना, शिक्षा और जागरूकता से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है।

आगे चर्चा करते हुए श्री तोमर ने बताया कि लॉक डाउन के बाद बाल मजदूरी में बढ़ोत्तरी हुई है, जहां मध्य प्रदेश बालको पर हो रहे अपराधो में प्रथम स्थान पर है तो वही बाल लैंगिक शोषण में दूसरे स्थान पर है साथ ही हमारे आस पास से हर रोज 30 बच्चे गायब होते हैं जिनमे से 9 ऐसे है जो कभी घर वापस नहीं पहुंचते।

मध्यप्रदेश बाल लिंगानुपात में भी पिछड़ा है तथा मध्यप्रदेश बच्चो द्वारा किए गए अपराधो में भी प्रथम स्थान पर है। श्री तोमर ने सभी से अपील करते हुए कहा की, कि यदि भिंड में कोई भी बच्चा बाल मजदूरी करता हुआ मिले तो इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को दें या भारत सरकार के पेंसिल पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते है। बाल मजदूरी करने वाले बच्चो को प्रशासन की तरफ से बाल कल्याण समिति के सहयोग से प्रति बच्चा 2000 रुपए का मासिक भत्ता भी उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है।

दूसरे सेशन में छात्र छात्राओ को पोस्को एक्ट 2012 के कानूनी प्रावधान और किशोर न्याय (बालको की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य वी पी पांडे ने आभार व्यक्त करते हुए बताया की उक्त प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रमों से छात्रों में समाज के वास्तविक और व्यवहारिक पहलू को समझने में मदद मिलती है जिससे छात्रों का मानसिक विकास बेहतर ढंग से होता है। विद्यालय में आगे भी बालको की समस्याओं पर चर्चा होती रहेगी।

कार्यक्रम का संचालन आदित्य दुबे ने किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में डेढ़ सैकड़ा छात्र छात्राओं के साथ विद्यालयीन स्टाफ ने बाल मजदूरी को रोकने का संकल्प लिया।

## गेस्ट ऑफ ऑनर से सम्मानित हुई भाविता जोशी

**शिमला(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में रविवार को प्रोमोटर्स ऑफ सोशल एन्ड कल्चरल हेरिटेज ऑफ हिमाचल प्रदेश द्वारा फर्स्ट फ़िल्म एंटरटेनमेंट एंड प्राइड अवार्ड सीज़न-2 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश की चुनिंदा हस्तियों को जिन्होंने प्रदेश में समाजसेवा, गायकी, नृत्य,एंकरिंग, कॉमेडी, योगा व अन्य समाजसेवा के क्षेत्रों में अपनी एक अलग पहचान बनाई उन्हें उनके कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसी सम्मान की कड़ी में हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर के द्वारा हिमाचल प्रदेश के सोलन की रहने वाली भाविता जोशी को संस्था द्वारा गेस्ट ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। संस्था ने भाविता को स्मृति चिन्ह व हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया। यहां बता दें की भाविता जोशी पेशे से एक युवा पत्रकार हैं। साथ ही वह समय- समय पर समाजसेवा के क्षेत्रों में भी हिस्सा लेकर लोगों की मदद करती रहती हैं। सम्मान मिलने के उपरांत भाविता से हुई बातचीत में उन्होंने संस्था का धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने विशेष में अपने परिवार में माता-पिता व सभी सहयोगी मित्रो का धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि अगर माता- पिता मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा न देते तो यह मुकाम मेरे लिए नामुमकिन था।



## वन-टू-वन

### अधूरे मुक्तिधाम के निर्माण को लेकर नागरिकों ने सौंपा ज्ञापन



गोहद नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 11 में बनने वाले मुक्तिधाम का निर्माण पिछले 2 वर्षों से अधूरा होने के कारण वार्ड के नागरिकों ने निर्माण कार्य जल्दी कराए जाने की मांग मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए की है ज्ञापन में नागरिकों ने मांग की है कि वर्ष 2017 में स्वीकृत मुक्तिधाम का निर्माण संबंधित ठेकेदार द्वारा अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है केवल गड्ढे खोदकर काम अधूरा छोड़ दिया है अधूरा काम होने से मुक्तिधाम में भारी अव्यवस्थाओं के चलते मुक्तिधाम में पहुंचने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बरसात के दिनों में मुक्तिधाम में दाग संस्कार ना होने से 3 वार्ड के नागरिकों को भारी असुविधा होती हैं जिस को ध्यान में रखते हुए यह मुक्तिधाम का निर्माण कराया जाना सुनिश्चित किया गया था इस मुक्तिधाम पर वार्ड क्रमांक 10, 11 ,12 के लोगों का देहांत के समय दाग संस्कार किया जाता है निर्माण अधूरा होने से तीनों वार्ड के लोगों को काफी परेशानी बनी रहती है ज्ञापन सौंपने वालों में जीतेंद्र सिंह निकुल कुशवाह बंटी प्रजापति गिर्राज जगराम राठौर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### गरीबों के हक की लड़ाई के लिए सदैव लिखा कक्का नेः राहुल




मेहगांव,, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी स्वर्गीय दिनेश सिंह भदोरिया उर्फ काका की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राहुल भदोरिया ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय दिनेश सिंह भदोरिया पत्रकार एवं समाजसेवी ने सदैव गरीबों के हक की लड़ाई लड़ी समाज में भ्रष्टाचार और समाज को जागरूक करने के लिए उन्होंने सदैव लेखनी के माध्यम से लड़ाई लड़ी थी इस अवसर पर हरिओम भदौरिया समाजसेवी डब्बू पंडित बरहज अंकित तोमर विधानसभा अध्यक्ष एनएसयूआई उस्मान खान अजय गौर गोल्डी राजोरिया रवि राजावत आलोक श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे

### अखिल भारतीय सीरवी महासभा मध्यप्रदेश की नवनिर्मित समिती का हुआ गठन



**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा ब्यूरो सीफ**

**धार** ः-अखिल भारतीय सीरवी समाज महासभा मध्य प्रदेश में धार जिले के जिला अध्यक्ष का चुनाव में निर्विरोध चुने गए राधेश्याम मुकाती ग्राम जाजन खेड़ी को समाज के अनेक वरिष्ठ बंधुओं ने आशीर्वाद और बधाइयां दी है,, जिसमे, अखिल भारती सीरवी महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश मुकाती साहब,पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मनोहर लाल मुकाते साहब,बड़वानी जिले के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिनेश चौधरी,समाजसेवी हरिराम,सक्रिय समाजसेवी कार्यकर्ता भानालाल अध्यापक ,गोविंद परिहार,लालाराम सिंदड़ा,,एवम बाबूलाल राठौड़ ने मंगल शुभकामनाओं सहित बहुत-बहुत बधाइयां दी।

# दतिया जिगना पुलिस ने हत्या के प्रयास में फरार 5 हजार का इनामी शातिर बदमाश को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार,

**संदीप प्रधान उप संपादक की रिपोर्ट**

**शातिर बदमाश जगवेंद्र सिंह परमार खिलाफ मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश में विभिन्न थानों में मामले दर्ज, आरोपी को गिरफ्तार जिगना थाना पुलिस की बड़ी सफलता**



**दतिया।** जिगना थाना प्रभारी भास्कर शर्मा व पुलिस टीम की तावड़ तोड़ कार्यवाही।जिगना पुलिस ने हत्या के प्रयास में फरार 5 हजार का इनामी शातिर बदमाश को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार, उल्लेखनीय है कि हत्या के प्रयास (धारा 307, 34 ) अईपीसी में फरार 5000 का इनामी आरोपी जगवेंद्र सिंह परमार को जिगना पुलिस ने किया गिरफ्तार।आरोपी पर पूर्व से ही मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश जिलों के थानों विभिन्न हत्या,लूट सगीन अपराध दर्ज है।आरोपी के विरुद्ध एक दर्जन से अधिक संगीन अपराध है। विगत दिनों आरोपी ने मध्य प्रदेश के सागर जिले में गोली मारकर सराफ व्यवसायी के साथ लूट करने के मामले में आरोपी को सहयोगी के साथ वर्ष 2013 में जिला सागर वारदात को अंजाम दिया था। सागर न्यायालय ने आजीवन कारावास तब से मध्यप्रदेश के सागर जिले की बंडा जेल , टीकमगढ़ जेल बाद में ग्वालियर जेल में आरोपी बंद था। 5 माह पूर्व पेरोल मिलने के दौरान अपने भतीजे विक्रम ठाकुर, मित्र धर्मेंद्र परिहार के साथ मिलकर अपने ही गांव उदगवां के अवनीश शर्मा को जान से मारने की नीयत से 312 बोर की अधिया से मारी थी गोली। आरोपी से घटना में प्रयुक्त 312 बोर की अधिया एवं 5 जिंदा राउंड वरामद बरामद किया। जिगना थाना पुलिस को आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। जिगना थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने कहना है कि अपराधियों कोई भी हो उसे बख्शा नहीं जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में लगातार अपराधियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। और इसी तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी जिगना भास्कर शर्मा, एएसआई हरिमोहन यादव , प्रधान आरक्षक नरेश छाबई , आरक्षक राजीव दुबे, आरक्षक दीपेश अमर, आरक्षक धर्मेंद्र यादव , आरक्षक हेमराज शिवहरे , आरक्षक गिर्राज प्रजापति की अहम भूमिका रही।

# वोटर हेल्पलाइन एप से करें वोटर आइडी कार्ड डाउनलोड 2021...

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चंबल डिवीजन**

**मोबाइल नंबर 9301000956**

इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) द्वारा वोटर हेल्पलाइन एंड्रॉइड ऐप 2021 गूगल प्लेस्टोर पर अब उपलब्ध है। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने एंड्रॉइड और आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए वोटर हेल्पलाइन एंड्रॉइड ऐप लॉन्च किया है। अब लोग मतदाताओं के लिए ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंचने के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप (ए.पी.के.) डाउनलोड कर सकते हैं। इसके माध्यम से लोग मतदाता पहचान पत्र डाउनलोड कर सकते हैं, मतदाता सूची में नाम ढूंढ सकते हैं, मतदाता सूची खोज सकते हैं, शिकायत कर सकते हैं और फॉर्म भर सकते हैं। इलेक्टोरल सर्च- यहां लोग अपना नाम मतदाता सूची में सत्यापित कर सकते हैं वोटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म्स- नए मतदाता पंजीकरण के लिए या एक अलग विधानसभा क्षेत्र में जाने वाले मतदाताओं के लिए, विदेशी मतदाताओं के लिए, मतदाता सूची में विलोपन या आपत्ति, प्रविष्टियों में सुधार और विधानसभा के भीतर स्थानान्तरण के लिए ऑनलाइन फॉर्म जमा करना। कंप्लेंट रजिस्ट्रेशन- चुनावी सेवाओं से संबंधित शिकायतों को दर्ज करना और इसके निपटान की स्थिति को ट्रैक करना फॉक्स ऑन वोटर, इलेक्शन, ईवीएम एण्ड रिजल्ट्स- उम्मीदवार मतदाता, चुनाव, ईवीएम और परिणामों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की जांच कर सकते हैं। ऑनलाइन वोटर्स एंड इलेक्टोरल सर्विसेज- मतदाताओं और निर्वाचन अधिकारियों के लिए सेवाएं और संसाधन।

### आगरा देहात में एक बार फिर चमत्कार हवा से चलने वाला इंजन हुआ तैयार

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़**



उत्तर प्रदेश के जनपद आगरा- के फतेहपुर के कोरई टोल फतेहपुर सीकरी में हवा से चलने वाला इंजन हुआ तैयार। यह इंजन केवल हवा के दबाव से चलता है। आने वाले समय में डीजल और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए उनसे निजात दिलाने में बड़ी भूमिका निभा सकता है हवा से चलने वाला इंजन। हवा से चलने वाले इंजन को चालू करवाया और अद्भुत चमत्कार देखने को मिला। हवा से चलने वाले इंजन के अविष्कार में लगभग 14 बरस का समय लगा। कड़ी मेहनत के बाद ग्राम नगला लोधा निवासी त्रिलोकी व उसके साथियों की मेहनत रंग लाई,लंबे समय के गहन परीक्षण के बाद हवा से चलने वाला इंजन अपने सिद्धांत 45 के गुणांक पर चल रहा है। इंजन का आविष्कार करने वाले त्रिलोकी द्वारा बताया गया की इसकी क्षमता को 20 गुना तक बढ़ाया जा सकता है। इस तकनीक के माध्यम से छोटे से छोटा तथा बड़े से बड़ा वाहन आसानी से चलाया जा सकता है।

# जिला पंचायत के चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष भरा नामांकन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** ग्राम पंचायत एवं जिला पंचायत जनपद सरपंच व पंच के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होते ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी स्थानों से अपनी दावेदारी प्रस्तुत करते हुए जिला कलेक्ट्रेट में पहुंच कर निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया द्य भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों के धार्मिक स्थलों से देवी देवताओं का आशीर्वाद लेते हुए अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद अपनी दावेदारियां प्रस्तुत कीं द्य

पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह की धर्मपत्नी जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मिथलेश कुशवाह ने भिंड विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक बाराकला भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती सुशीला नरवरिया ने वार्ड क्रमांक 7 पावई पूर्व जिला पंचायत सदस्य युवा नेता दिनेश सिंह भदौरिया भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री युवा नेता रक्षपाल सिंह राजावत वार्ड क्रमांक 1 बाराकला, भाजपा किसान मोर्चा की जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया लहार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा कार्यकर्ता सुधीर तिवारी कनाबर वार्ड से पहलवान सिंह भदौरिया, अटेर से राधा कृष्ण पुरोहित ने भी अपना नामांकन पत्र को दाखिल किया द्य

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पंचायत चुनाव में संगठन को पूर्ण रूप से फोकस करते हुए प्रदेश की चुनाव संचालन समिति घोषित की है जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी एवं अटेर से विधायक मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉक्टर अरविंद सिंह भदोरिया को सदस्य बनाया है 7 भाजपा संगठन की गार्डन अनुसार पार्टी अपने अधिकृत प्रत्याशियों को उचित निर्णय लेकर घोषित करेगी ताकि ग्राम पंचायतों से लेकर जिला और जनपदों में पार्टी के कार्यकर्ता अपने क्षेत्र की जनता का नेतृत्व कर सकेंगे।



# युवा कांग्रेस ने की बिजली विभाग की तालाबंदी

**कांग्रेसियों के डर से बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी ताला लगा कर भागे**

**15 दिवस में ज्ञापन पर कार्यवाही नहीं हुई तो जिला स्तर पर मामला उठाया जाएगा ः- जिला अध्यक्ष**

**युवा कांग्रेस ने डी.ई. यशपाल सचदेवा को हटाने की मांग की**





गोहद आज मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजकुमार देशलहरा के नेतृत्व में गोहद विद्युत विभाग का घेराव किया गया डॉक्टर देशलहरा के साथ हजारों कार्यकर्ताओं को लेकर मंडी तिराहे से रैली के रूप में बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रवाना हुए कांग्रेसियों को बड़ी संख्या में जनता के साथ देखकर बिजली विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी अपने कार्यालय में ताला लगा कर भाग गए बिजली विभाग में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी नहीं मिला इसी दौरान जिला अध्यक्ष डॉ. देशलहरा द्वारा विद्युत विभाग के कर्मचारियों की सद्बुद्धि के लिए हवन किया गया 11 बजे से 3ः00 बजे तक कोई भी बिजली विभाग का अधिकारी कर्मचारी कार्यालय पर नहीं पहुंचा तो युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गेट पर तालाबंदी कर दी और ऐसे गैर जिम्मेदार लापरवाह अधिकारियों को तत्काल हटाने के लिए एसडीएमके नाम नायब तहसीलदार अमित दुबे को एक ज्ञापन सौंपा गया देशलहरा ने बताया कि शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना काल में लॉकडाउन के समय उपचुनाव के दौरान बिजली बिलों को माफ करने का वादा किया था लेकिन इन्हीं पुराने बिलों पर बिजली विभाग द्वारा रिकवरी का काम चालू कर दिया गया है लोगों बिजली बिल जमा करने के लिए नोटिस भेजे जा रहे हैं साथ ही युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारा नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि इस कार्य पर तुरंत रोक लगाई जाए मेंटेनेंस के नाम पर अघोषित विद्युत कटौती बंद की जाए रीडिंग के हिसाब से बिल दिए जाएं जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने कहा कि अगर 15 दिवस में इस ज्ञापन पर कार्यवाही नहीं हुई तो इस मामले को जिला स्तर पर उठाया जाएगा जिला पंचायत सदस्य राहुल सिंह भदोरिया ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार जनता के साथ धोखा कर रही है पहले वोट लेने के लिए घोषणा करती है बिल माफ किए जाते हैं और बाद में पुलिस की दम पर बिजली बिलों की वसूली की जाती है अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है आम जनता भाजपा सरकार और विद्युत विभाग के विरुद्ध भारी आक्रोशित है इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भानु प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य ,देवाशीष जरारिया पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, कुलदीप सिंह गुर्जर,आशीष गुर्जर, बंटी गुर्जर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष, भगवती प्रसाद शर्मा, कमल प्रताप सिंह तोमर, टोनी मुद्गल,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष फिरोज शाह, तहसील शाह, सुरेंद्र बघेल, आरिफ खान ,रागिनी चौहान, गौतम गहलोत, राजेंद्र परिहार, गगनदीप बराड़, बीपी गुर्जर, जावेद पठान, गोपाल पचौरी, नरोत्तम चौरसिया, मनीष शिवहरे,पिंकी उचाडिया, राहुल उपाध्याय, प्रदीप नागर, रिजवान खान, मालती जाटव,रामबेटी जाटव, रावेंद्र सिंह ,साबू खान,गायत्री महावर, गौरव कोहली, भानु गुर्जर ,डीपी खन्ना, रामू शर्मा , मलकीत सरदार बृजेश कुशवाहा सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# सर्व समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई राष्ट्रसंत गाडगे जी महाराज की पुण्यतिथि छात्रों को वितरित की गई निशुल्क पाठ्य पुस्तक सामग्री



सर्व समाज के समाजसेवियों और युवाओं द्वारा धूमधाम से आदिकाल से स्वच्छता का संदेश देने वाले स्वच्छता अभियान के वास्तविक जनक संत गाडगे जी महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्रों को पठन-पाठन और उपयोगी पाठ्य पुस्तक ,कॉपी पेंसिल आदि सामग्री बांटी गई इस अवसर पर रामनिवास रजक युवा संभागीय अध्यक्ष अखिल भारतीय धोबी महासंघ (ङुङ्खस्त्रद्व) रामनिवास रजक ने गाडगे महाराज के जीवन परिचय व उनके विचारों से से छात्रों को अवगत कराया उन्होंने कहा राष्ट्रसंत संत गाडगे महाराज हमेशा अपने आसपास की स्वच्छता और अपने बच्चों को शिक्षित करने का संदेश देते थे राष्ट्रसंत कहते थे दो रोटी कम खाओ परंतु अपने बच्चों को अवश्य शिक्षित करो घर के बर्तन बेच दो परंतु अपने बच्चों को अवश्य शिक्षा दो इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी जेपी अग्रवाल जी ने राष्ट्रसंत गाडगे जी महाराज के आदर्शों पर चलने और संगठित रहने व शिक्षित रहने का संदेश दिया इस अवसर पर छात्रों और युवाओं को कुलदीप तिवारी ने संघर्षों से जीत की योजना और कथा सुनाई वीरेंद्र वर्मा जी ने कहा कि आज हमें ऐसे ही दिव्य और राष्ट्रसंत की आवश्यकता है जो निस्वार्थ होकर राष्ट्रीय देश की सेवा और सद्भाव का संदेश दें स्वच्छता के जनक संत गाडगे जी महाराज स्वयं एक संत की भांति आचरण करते हुए

आदिकाल में स्वच्छता का संदेश दिया वह हमेशा बालिका और बालक की समान शिक्षा पद्धति के पक्षधर थे उन्होंने समाज में व्याप्त कई कुरीतियों को दूर करने मैं अपना योगदान दिया शिक्षित व संगठित होकर राष्ट्रवाद देश की सेवा करना ही बालकों का लक्ष्य और भावना हो ऐसे वातावरण पर बल दिया इस अवसर पर गोहद नगर के सर्व समाज के कई समाजसेवी पार्टियों के दायित्व वान कार्यकर्ता युवाओ छात्राओं , ने भाग लियाकार्यक्रम में मुख्य भूमिका रिंकू भठेले जी (पूर्व उपाध्यक्ष), जेपी अग्रवाल जी, रामकिशन रजक जी,देवेश पचौरी( जिला संयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) कुलदीप शर्मा , वीरेंद्र वर्मा जी (समाजसेवी), जय किशन वर्मा( युवा नेता ) ,जाकिर खान, बृजेंद्र रजक ,प्रदीप नरवरिया, कुलदीप रजक, विनोद रजक, हेमंत रजक,, गोलू रजक, गिरजा शंकर वर्मा, (वरिष्ठ समाजसेवी), परिमाल प्रजापति, विकास शर्मा, कृष्णा गुर्जर, रामनिवास रजक (यूवा संभागीय अध्यक्ष) आदि गणमान्य समाजसेवी और युवाओं ने भाग लिया।

## जनरल ज़ोरावर सिंह मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय की ओर से प्रिंसिपल (डॉ.) चन्दर शेखर जी की अगुवाई में ÷नेशनल तंबाकू कण्ट्रोल प्रोग्राम के तहत युवा एन0सी0सी0 कैडेट्स द्वारा तंबाकू को न कहें विषय को लेकर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया

**रघुबीर सिंह**
**पुष्पांजली टुडे**



**रियासी ।** जनरल ज़ोरावर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज रियासी आज जिला रियासी के जनरल ज़ोरावर सिंह मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय की ओर से प्रिंसिपल (डॉ.) चन्दर शेखर जी की अगुवाई में ÷नेशनल तंबाकू कण्ट्रोल प्रोग्राम (ह्ज्ञष्टक्क)÷ के तहत युवा एन0सी0सी0 कैडेट्स द्वारा ÷तंबाकू को न कहें÷ विषय को लेकर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को सम्बोधित करते हुए प्रिंसिपल जी ने छात्रों को नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने का न केवल आग्रह किया , बल्कि उन्हे जीवन अनमोल है उसे नशे में बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए आदि की हिदायतें भी दी और साथ ही उन्हे यह भी समझाया कि युवा काल ही वह अनमोल घड़ी जिसमें हम अपने जीवन ,समाज , देश और विश्व को विकास की और ले जा सकते हैं और इसीलिए तम्बाकू , गुटका , खैनी , सिगरेट आदि को न कहे और केवल शिक्षा की ओर अपना ध्यान आकर्षित करें आदि की बात समझाकर अपनी वाणी को विराम देते हुए रैली के साथ मिलकर महाविद्यालय के आस - पास के क्षेत्रों में जाकर तम्बाकू के खतरों से लोगों को अवगत करवाने लगे। केवल इतना ही नहीं तम्बाकू से होने वाले मानसिक नकरात्मक प्रभाव को लेकर महाविद्यालय में पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की एन0सी0सी0 यूनिट द्वारा आयोजित किया गया।

## वन-टू-वन

### कनोजिया महासभा की बैठक सम्पन्न हुई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** कनौजिया महासभा (त्रिपाठी) परिवार की मीटिंग डॉ शशांक त्रिपाठी पुत्र डॉ मधुरेश त्रिपाठी के त्रिपाठी आयुष हॉस्पिटल अटेर रोड भिण्ड पर आयोजित हुई । कार्यक्रम में मुखय अतिथि इटावा से पधारे कनौजिया सभा के अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी एबम उपाध्यक्ष रामानन्द त्रिपाठी हवेली ने अपने बिचार रखते हुए कनोजिया(त्रिपाठी)समाज के उत्थान के लिए चर्चा हुई जिसमें समाज के लोगों ने कहा कि समाज को एकत्रित होकर समाज के हित में कार्य करने के अपील की।बैठक में मधुरेश त्रिपाठी,प्रोफेसर सुनील त्रिपाठी,डॉ शशांक त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी कुक्कू, श्याम बहादुर त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी चच्चू, उमाशंकर त्रिपाठी, राजेन्द्र बाबू त्रिपाठी, विकेश त्रिपाठी, योगेन्द्र त्रिपाठी, अनिल कुमार त्रिपाठी,अमित कुमार त्रिपाठी, हिमांशु त्रिपाठी, विनोद कुमार त्रिपाठी मनोज कुमार त्रिपाठी,रामकिशोर त्रिपाठी,राजकिशोर त्रिपाठी,कमलेश चन्द्र त्रिपाठी, नन्दकिशोर त्रिपाठी,गिर्राज किशोर त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी,श्याम त्रिपाठी,अजय त्रिपाठी,दामू त्रिपाठी,नीरज त्रिपाठी,अरुण त्रिपाठी,आदि सहित कनोजिया समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



### जिला पंचायत सदस्य पद के लिए बीके बौहरे ने पर्चा दाखिल किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।**जिला पंचायत भिण्ड के वार्ड क्रमांक 4 अटेर से जिला पंचायत सदस्य पद हेतु विजय बीके बौहरे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पंहुच कर जिला रिटर्निंग अधिकारी/कलेक्टर के समक्ष नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया।बीके बौहरे क्षेत्र में समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं,बौहरे ने क्षेत्र के लिए कई बार आंदोलन धरना प्रदर्शन किया है।



# दतिया सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 326 भादवि मैं फरार आरोपी गुटई कुशवाह को किया गिरफ्तार

**संदीप प्रधान उप संपादक की रिपोर्ट**

मामला यह है कि दिनांक 18.3.21 को फरियादी उमाशंकर कुशवाहा निवासी रतन सेट के बगीचे ने रिपोर्ट किया कि गुटई कुशवाह अपने परिवार के सदस्यों के साथ मकान के विवाद को लेकर घर में घुसकर लाठी सरिया से मारपीट की थी जिस पर से मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था आरोपी गुटई कुशवाह वक्त घटना दिनांक से फरार था उसके बाद उसने पुनः उमाशंकर कुशवाहा के यहां हवाई फायर किए थे

**दतिया पुलिस अधीक्षक**

श्री अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल मौर्य एवं एसडीओपी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन मे फरार आरोपी गुटई कुशवाह की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी कोतवाली रविंद्र शर्मा एवं उनकी टीम को लगाया गया दिनांक 18 .12 .21 आरोपी गुटई उर्फ ज्ञान सिंह कुशवाह को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक लोहे का सरिया जब्त कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है जो न्यायिक निरोध में है !




निम्न भूमिका

निरीक्षक रविंद्र शर्मा थाना प्रभारी कोतवाली

सहायक उपनिरीक्षक सियाराम प्रधान आरक्षक अनुरोध पावन प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र परिहार प्रधान आरक्षक नीरज प्रधान आरक्षक फिरोज खान आरक्षक सोनपाल

आरक्षक रविंद्र यादव

आरक्षक गजेंद्र राजावत

आरक्षक राहुल

सैनिक अखिलेश यादव



# सूदखोरों के विरूद्ध बरासों पुलिस का अभियान जारी



**भिण्ड(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

सूदखोरों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु ब्याज पर रूपये देने वाले सूदखोरों पर कार्यवाही हेतु विशेष अभियान बरासों पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है। थानाप्रभारी बरासों अनिल गुर्जर ने आमजन से अपील है कि ऐसे सूदखोरों और अवैध रूप से ब्याज पर रूपये देने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध सूचना या शिकायत हो तो इस शिविर के माध्यम से बतायें, ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध वैद्यानिक कार्यवाही की जा सके। थानाप्रभारी ने आमजन से यह भी कहा है कि आप मेरे मोबा. न. पर, थाने के नं. पर फोन करके शिकायत कर सकते है, आपकी शिकायत पर तत्काल कार्यवाहीं की जाएगी। थानाप्रभारी ने लोगों से यह भी कहा कि चुनाव का समय चल रहा है कोई भी गुण्डा मबाली, इनामी अपराधी हो जो आपके गांव में आता जाता हो या अवैध शराब का कारोबार कोई कर रहा हो या डराता व धमकाता हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें।

# गांजे का ट्रक पकड़ा, केलो के बीच मे छुपा कर लाया जा रहा था गांजा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिंड गोहद के मालनपुर थाना क्षेत्र में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात करीब एक बजे साइबर सेल प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक में भरकर करीब एक टन गांजा ले जाया जा रहा है। मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्री एरिया में सूचना मिलते ही साइबर सेल और पुलिस ने गश्ती शुरू कर दी इस दौरान सूचना की तस्दीक करता एक ट्रक उन्हें खड़ा मिला, जब उसकी तलाशी ली गयी तो केलों के बीच करीब 1000 किलो गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने मौके से ट्रक में मौजूद 5 तस्करों को भी गिरफ्तार किया है.

जानकारी यह भी मिली है कि यह ट्रक मारिजुआना आंध्रप्रदेश के तटीय शहर विशाखापत्तनम से लेकर आया है. पूर्व में भी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन द्वारा विशाखापटनम से ही भिंड सहित देश के अन्य इलाकों में मारिजुआना की सप्लाई का खुलासा भिंड पुलिस ने किया था. पुलिस मारिजुआना की जब्ती कर कार्रवाई में जुटी है। पूरी जानकारी का खुलासा जल्द प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस करेगी। ई-कॉमर्स साइट के जरिए गांजा तस्करी के खुलासे के बाद भिंड पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 1000 किलो गांजा बरामद किया है, ये गांजा आंध्रप्रदेश के तटीय शहर विशाखापत्तनम से लाया गया था। ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट अमेजन से मारिजुआना की ऑनलाइन तस्करी का मामला ठंडा होने से पहले ही भिंड पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है, साइबर सेल और मालनपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर एक टन गांजा बरामद किया है. ये जिले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है.




# युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने बिजली विभाग के अधिकारियों की सद्बुद्धि के लिए किया हवन

**युवा कांग्रेस ने की बिजली विभाग की तालाबंदी**

**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** आज मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजकुमार देशलहरा के नेतृत्व में गोहद विद्युत विभाग का घेराव किया गया डॉक्टर देशलहरा के साथ लगभग 1000 कार्यकर्ताओं को लेकर मंडी तिराहे से रैली के रूप में बिजली विभाग की और नारेबाजी करते हुए रवाना हुए कांग्रेसियों को बड़ी संख्या में जनता के साथ देखकर बिजली विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी अपने कार्यालय में ताला लगा कर भाग गए बिजली विभाग में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी नहीं मिला इसी दौरान जिला अध्यक्ष डॉ. देशलहरा द्वारा विद्युत विभाग के कर्मचारियों की सद्बुद्धि के लिए हवन किया गया 11 बजे से 3ः00 बजे तक कोई भी बिजली विभाग का अधिकारी कर्मचारी कार्यालय पर नहीं पहुंचा तो युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गेट पर तालाबंदी कर दी और ऐसे गैर जिम्मेदार लापरवाह अधिकारियों को तत्काल हटाने के लिए एसडीएम को एक पत्र दिया गया डॉ.देशलहरा ने बताया कि शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना काल में लॉकडाउन के समय उपचुनाव के दौरान बिजली बिलों को माफ करने का वादा किया था लेकिन इन्हीं पुराने बिलों पर बिजली विभाग द्वारा रिकवरी का काम चालू कर दिया गया है लोगों बिजली बिल जमा करने के लिए नोटिस भेजे जा रहे हैं साथ ही युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि पुराने बिलों की रिकवरी पर तुरंत रोक लगाई जाए एवं मेंटेनेंस के नाम पर अघोषित विद्युत कटौती बंद की जाए साथ ही रीडिंग के हिसाब से बिजली बिल दिए जाएं जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने कहा कि अगर 15 दिवस में इस ज्ञापन पर कार्यवाही नहीं हुई तो इस मामले को जिला स्तर पर उठाया जाएगा इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भानु प्रताप सिंह तोमर जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा, राहुल सिंह भदोरिया जिला पंचायत सदस्य ,देवाशीष जरारिया पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, कुलदीप सिंह गुर्जर,आशीष गुर्जर, बंटी गुर्जर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष, भगवती प्रसाद शर्मा, कमल प्रताप सिंह तोमर, टोनी मुद्गल,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष फिरोज शाह, तहसील शाह, सुरेंद्र बघेल, आरिफ खान ,रागिनी चौहान, गौतम गहलोत, राजेंद्र परिहार, गगनदीप बराड़, बीपी गुर्जर, जावेद पठान, नवल किशोर बरैया,गोपाल पचौरी, नरोत्तम चौरसिया, मनीष शिवहरे,पिंकी उचाडिया, राहुल उपाध्याय, प्रदीप नागर, रिजवान खान, मालती जाटव,रामबेटी जाटव, रावेंद्र सिंह ,साबू खान,गायत्री महावर, गौरव कोहली, भानु गुर्जर ,डीपी खन्ना, रामू शर्मा , मलकीत सरदार बृजेश कुशवाहा सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चीफ चंबल डिवीजन




**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय कोट गोरमी**

पुष्पांजलि टुडे टीम जब स्कूल परिसर में पहुंचती है तो वहां देखने को मिलता है स्कूल में पदस्थ 5 टीचर होना चाहिए 3 टीचर उपस्थित थे दो टीचर अनुपस्थित पाए गए कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को संवाददाता ने पूछा किस चाइल्ड लाइन का नंबर क्या है तो बच्चों ने नहीं बता पाया वहां पदस्थ 3 टीचरों से पूछा उन्होंने भी चाइल्ड लाइन का नंबर नहीं बता पाया शासन की गाइड लाइन के अनुसार समूह द्वारा जो स्कूल में खाना बनता है वह भी घटिया वहां पर पदस्थ तोमर साहब जो कि यहां हेड मास्टर हैं ऐसा उन्होंने बताया उन्होंने भी चाइल्ड लाइन का नंबर नहीं बता पाया भिंड जिला शिक्षा अधिकारी को संवाददाता ने फोन करके अवगत कराया तो उन्होंने कहा शिक्षकों पर कार्रवाई करेंगे



# साकेत पुरोहित द्वारा 75 दिन में तीन बार ब्लड डोनेट कर 3 लोगों को दिया नया जीवनदान



**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर ,9691338626**

पिछोर, कहते हैं जहां ईश्वर नहीं पहुंचता वहां पर अपने फरिश्तों को भेज देता है ऐसे ही ईश्वर एक फरिश्ते खनियाधाना ब्लॉक के ग्राम गढ़रोली में पदस्थ शासकीय शिक्षक संकेत रोहित है जिन्होंने इमरजेंसी में 75 दिन में तीन बार रक्तदान करके तीन लोगों को नया जीवनदान दिया है आज ऐसा ही एक इमरजेंसी केस झांसी में आया जिसमें हमीरपुर जिले के एक जरूरतमंद व्यक्ति को डेंगू हो गया था इसके कारण प्लेटलेट मात्र 11,000 शेष रह गई थी डॉक्टर ने परिजनों को तत्काल ओ नेगेटिव प्लेटलेट्स डोनर की व्यवस्था करने को कहा जोगी ओ नेगेटिव रेयर ब्लड होने के कारण आसानी से नहीं मिलता इसकी जानकारी जैसे ही ग्राम करार खेड़ा तहसील पिछोर के निवासी साकेत पुरोहित को लगी चुकी यह ब्लड ग्रुप साकेत का स्वयं का है तो उन्होंने तत्काल सचिन शर्मा के साथ झांसी चिकित्सालय पहुंच कर जरूरतमंद को प्ले ट लेट्स डोनेट कर नया जीवनदान दिया साकेत पुरोहित ने बताया कि उन्होंने हाल ही में 6 अप्रैल को करैरा में रक्तदान 30 सितंबर को झांसी में सागर जिले की अपरिचित महिला को प्लेटलेट स 23 नवंबर को झांसी में खनियाधाना की युवती को ब्लेड और आज 20 दिसंबर को झांसी में हमीरपुर जिले के अपरिचित व्यक्ति को प्लेटलेट्स डोनेट किया यह उनका अब तक का कुल 10 बार रक्तदान है साकेत अभी तक ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों को मिलाकर कुल 53 रक्तदान शिविर आयोजित कर चुके हैं इसके लिए उन्हें कई सामाजिक मंचों राजनीतिक दलों से सम्मानित किया जा चुका है।

# कोरोना से बचाव एवं इलाज के उपायों को गंभीरता से अंजाम दें : कलेक्टर

### कोरोना की संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर कलेक्टर ने ली अहम बैठक

### पूरी गंभीरता के साथ कोरोना अनुरूप व्यवहार का पालन कराने पर दिया जोर



ग्वालियर। कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं और विशेषज्ञों द्वारा तीसरी लहर की संभावना व्यक्त की जा रही है। इसलिए पूरी गंभीरता के साथ कोरोना अनुरूप व्यवहार का पालन कराएँ। साथ ही अस्पतालों में बैड, ऑक्सीजन, वेंटीलेटर व दवाओं इत्यादि के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले के सभी एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने अस्पतालों में कोरोना संक्रमित बच्चों के इलाज के लिये एहतियात बतौर पुख्ता इंतजाम करने पर विशेष बल दिया।

सोमवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में विशेष टीम गठित कर खासतौर पर स्कूलों व अन्य शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण कराएँ। सभी स्कूलों में यह सुनिश्चित करें कि उपस्थित होने वाले विद्यार्थी मास्क लगाकर व पर्याप्त दूरी बनाकर बैठें। शिक्षण संस्थान में सेनेटाइजर इत्यादि की व्यवस्था रहे। शिक्षण संस्थान के प्रमुख को साफ तौर पर ताकीद कर दें कि विद्यालय में कोरोना अनुरूप व्यवहार का पालन करते हुए पठन-पाठन का काम किया जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम को यह भी निर्देश दिए कि शहर में मास्क न लगाने वाले लोगों के खिलाफ अभियान बतौर चालान की कार्रवाई कराएँ। उन्होंने सब्जी मंडियों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन कराने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि इंसीडेंट कमाण्डर अपने-अपने इलाके में साफ-सफाई व मास्क लगाने के लिये लोगों को प्रेरित करें।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी व अपर कलेक्टर श्री इच्छित ग?पाले, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा, जिले के सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

#### चैकलिस्ट के आधार पर अस्पतालों का प्रबंधन करने के निर्देश

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने विशेष जोर देकर कहा कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर अस्पताल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अस्पतालों में कोरोना मरीजों के इलाज से संबंधित इंतजामों के लिए एक चैकलिस्ट निर्धारित की है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी सरकारी अस्पतालों में 24 घंटे ऑक्सीजन की आपूर्ति सुचारू रहे, डॉक्टर और पैरामेडीकल स्टाफ उपलब्ध रहे। बच्चों के इलाज के लिये बनाए गए वार्ड के समीप उनके अभिभावकों के रूकने की व्यवस्था भी की जाए। साथ ही मरीजों की सहायता के लिये हर सरकारी अस्पताल में हैल्प डेस्क भी स्थापित की जाए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी नर्सिंग कॉलेजों के संचालकों को साफ तौर पर ताकीद कर दें कि निर्धारित मापदण्ड के अनुसार नर्सिंग कॉलेज में बैड, ऑक्सीजन और मानव संसाधन का इंतजाम रखें। कोरोना के मरीज ब?ने पर सबसे पहले नर्सिंग कॉलेज में ही मरीजों की भर्ती कराई जायेगी।

# शत प्रतिशत घरों से इंदौर में कैसे होता है कचरा संग्रहण, देखा ग्वालियर निगम के अधिकारियों ने



ग्वालियर। इंदौर में नगर निगम ग्वालियर के अधिकारियों ने भ्रमण के दौरान आज इंदौर के कंट्रोल रूम का अवलोकन किया तथा यह देखा कि वहां पर शत-प्रतिशत घरों से किस प्रकार सैगरीकेटेड कचरा संग्रहण किया जाता है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल अपर आयुक्त श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

निगम के अधिकारियों के दल ने आज इंदौर के डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनों की मॉनिटरिंग के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम का अवलोकन किया। कंट्रोल रूम द्वारा प्रत्येक डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन की मॉनिटरिंग की जाती है कि वह अपने तैयार रूट पर चल रही है या नहीं, तथा कोई घर कचरा संग्रहण से छूटा तो नहीं और प्रत्येक घर से सूखा व गीला कचरा अलग-अलग करके दिया जा रहा है कि नहीं।

इंदौर नगर निगम के अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि इंदौर नगर निगम द्वारा शहर वासियों को स्वच्छता के प्रति जन जागरूक किया गया है तथा अब प्रत्येक शहर वासी स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करता है और सभी लोग स्वयं ही सूखा व गीला कचरा अलग अलग करके दे रहे हैं। इसके साथ ही शहर के 5 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड घोषित किया गया है जिसमें कोई कचरा नहीं निकलता है घरों के लोग अपने कचरे से खाद एवं अन्य सामग्री का निर्माण कर रहे हैं।

## स्वच्छता अभियान में मिल रहा आमजनों का सहयोग, वार्ड मॉनीटर ने किया दुकानदारों का सम्मान

ग्वालियर। देश भर में चल रहे स्वच्छता जागरुकता अभियान में ग्वालियर के शहरवासी भी अब स्वच्छता के लिए आगे आ रहे हैं और नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता मिशन में सहयोग कर रहे हैं। वार्ड 32 में वार्ड मॉनीटर श्री राजकुमार राजावत द्वारा विगत दिवस क्षेत्र में निरीक्षण कर दुकानदारों से दो-दो डस्टबीन रखकर स्वच्छता में सहयोग की अपील की थी जिसको लेकर आज सोमवार को भ्रमण करने पर क्षेत्र के दुकानदारों द्वारा अपने अपनी दुकान के सामने व ठेले के सामने दो-दो डस्टबीन रखे पाए गए जिसको लेकर संबंधित दुकानदारों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। वार्ड मॉनीटर वार्ड 32 श्री राजकुमार राजावत ने बताया कि स्वच्छ ग्वालियर समृद्ध ग्वालियर अभियान के तहत रविनगर जीडीए कार्यालय के बाहर कमर्शियल एरिया में दुकानदारों एवं हाथ ठेलों वालों को डस्टबिन रखने की समझाइस दी गई थी और सभी लोगो ने अभियान को साकार करने एवं ग्वालियर को स्वच्छ रखने हेतु सभी ने डस्टबिन रखे। जिसके चलते आज सोमवार को स्वास्थ्य अधिकारी ग्वालियर श्री श्रीकृष्ण शर्मा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री शरण कुमार एवं डब्ल्यूएचओ श्री मिथुन राणा ने निरीक्षण किया तो सभी के पास डस्टबिन उपलब्ध पाए गए। साथ ही स्वच्छता में उनकी भागीदारी हेतु उनको सम्मानित किया गया।

# बीसीसीआई द्वारा दिव्यांग क्रिकेट कमेटी बनाने पर जिला खेल अधिकारी ने मप्र दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन को दी शुभकामनाएं



ग्वालियर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा दिव्यांग क्रिकेट की कमेटी बनाते हुए फिजीकली चैलेन्जड क्रिकेट एसोशिएशन फॉर इंडिया के महासचिव रविकांत चौहान को कमेटी का सदस्य बनाए जाने पर जिला खेल अधिकारी ग्वालियर जोसेफ वक्स्ला ने मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एशोसिएशन को बधाई दी तथा संस्था के सचिव संजय सिंह तोमर का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर दिव्यांग क्रिकेट खिलाडियों ने मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी चलाई और सभी खिलाडियों ने बधाई दी।

उल्लेखनीय है कि देशभर के दिव्यांग क्रिकेट खिलाडियों द्वारा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से निरंतर दिव्यांग क्रिकेट को बीसीसीआई से संबंद्ध करने की मांग की जा रही थी। जिसको लेकर बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरभ गांगुली एवं सचिव जय शाह ने संवेदनशीलता दिखाते हुए दिव्यांग क्रिकेट खिलाडियों को सुना और उनकी कमेटी बनाने की घोषणा पिछले नबंबर माह में की। जिसके उपरांत बीसीसीआई की गत 18 दिसंबर 2021 को हुई बैठक में दिव्यांग क्रिकेट कमेटी की घोषणा की गई जिसमें दिव्यांग क्रिकेट के विकास एवं खिलाडियों के प्रोत्साहन के लिए निरंतर प्रयासरत फिजीकली चैलेन्जड क्रिकेट एसोशिएशन फॉर इंडिया के महासचिव रविकांत चौहान के सदस्य बनाया गया है जो कि फिजीकली चैलेन्जड क्रिकेट खिलाडियों के लिए बहुत ही खुशी का अवसर है। इसी अवसर पर आज सोमवार को मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एशोसिएशन के खिलाडियों ने मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी चलाई और मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एशोसिएशन के सचिव संजय सिंह तोमर एवं सहसचिव उमेश गुप्ता का स्वागत व सम्मान किया।




# शासकीय राशि का दुरूपयोग करने वाले 9 पूर्व सरपंच जायेंगे जेल

### जिला पंचायत सीईओ ने जारी किए अलग-अलग वारंट

ग्वालियर। शासकीय धनराशि निकालने के बाद उसका निर्माण कार्य पूर्ण कराने में उपयोग न कर शासकीय धन का दुरूपयोग करने वाले 9 ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंच जेल जायेंगे । जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी श्री आशीष तिवारी ने पंचायत राज अधिनियम की धारा-92 के तहत इस आशय के अलग-अलग आदेश जारी कर इन पूर्व सरपंचों को अभिरक्षा में लेकर 30 दिवस के लिये जेल में रखने के निर्देश भारषाधक अधिकारी अर्थात अधीक्षक केन्द्रीय कारागार को दिए हैं।

न्यायालय विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न ग्राम पंचायतों के इन पूर्व सरपंचों द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत जारी की गई धनराशि का लगातार दुरूपयोग किया गया। इन सभी पूर्व सरपंचों के विरूद्ध मध्यप्रदेश पंचायतीराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के अंतर्गत वसूली के प्रकरण पंजीबद्ध कर राशि चुकाने के लिए पर्याप्त समय दिया गया। किंतु उन्होंने रकम नहीं चुकाई। इन प्रकरणों में अधिनियम की धारा 89 अंतर्गत प्राप्त जांच प्रतिवेदन अनुसार ये सभी दोषी साबित हुए। इस कारण विचार उपरांत अंतिम आदेश पारित कर 15 दिवस में रकम शासकीय कोष में जमा करने के लिए आदेशित किया गया था, किंतु इन पूर्व सरपंचों द्वारा राशि जमा नहीं कराई गई। इसके बाद विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ग्वालियर न्यायालय ने मध्यप्रदेश पंचायतीराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 की उप धारा 2 के अधीन जेल में सुपुर्द करने के अलग-अलग वारंट जारी कर दिए हैं।

### इन पूर्व सरपंचों के खिलाफ हुई है यह कार्रवाई

श्रीमती जशोदा पत्नी श्री रामसेवक पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बारौल, श्रीमती गिरजा यादव पत्नी श्री कल्लू सिंह यादव पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कुलैथ, श्री गजाधर सिंह पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत मऊछ, श्रीमती रामकली बाई पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अमरौल, श्री बलवीर सिंह गुर्जर पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत हिम्मतग?, श्री हरिशंकर पाठक पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत गधौटा, श्री नंदकिशोर बघेल पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बहांगीखुर्द, श्रीमती आशा रानी पत्नी स्व. रामहेत सिंह गुर्जर पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत तिघरा व श्रीमती रामकली पत्नी श्री कमल सिंह पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कुम्हर्रा ।

## विधायक डॉ. सिकरवार ने विधानसभा में मनरेगा ओर विद्यालयों में खाली पदों का मामला उठाया

ग्वाल्यिर। ग्वाल्यिर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने बिधानसभा में पंचायत मंत्री से पूंछा है कि मुरैना जिले के सुमावली विधानसभा की विभिन्न पंचायतों में मनरेगा के तहत विकास कार्यों में जुलाई 2019 से नवंबर 2021 तक कितने मजदूरों से कार्य कराए गए ओर मजदूरों की संख्या कार्यों के नाम भुगतान सहित राशि बताएं

कि क्या यह भी सही है कि जिन कार्यों को मजदूरों से कराया गया है। वह कार्य मजदूरों से ना कराते हुए मशीनों द्वारा ठेकेदार से कराए गए ऐसी कितनी शिकायतें अधिकारियों को प्राप्त हुई ,उन पर क्या कार्यवाही की गई। उक्त कार्यों में जो मटेरियल गिट्टी सीमेंट पाइप अन्य वस्तुओं का उपयोग हुआ है। उनके बिल किन-किन एजेंसी और संस्थानों के दर्शाए गए हैं । एजेंसियों के नाम राशि भुगतान की दिनांक सहित जानकारी नवंबर 2021 की स्थिति में बताई जाए।

इसके अलावा उन्होंने स्कूल शिक्षा रा%य मंत्री से पूंछा कि वह बताएं कि ग्वाल्यिर जिले के ग्रामीण नगर के शासकीय प्राथमिक माध्यमिक हाई स्कूल हायर सेकेंडरी विद्याल्य में दिसंबर 2021 की स्थिति में कितने पद विद्याल्य में स्वीकृत हैं। वर्ग वार, में 2015 से बताएं।

### सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों को अटेण्ड न करना भारी पड़ा

## नगर निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी की रूकीं दो वेतन वृद्धियाँ और सहायक श्रम आयुक्त को मिली चेतावनी

ग्वालियर। सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण में उदासीनता बरतना दो शासकीय सेवकों को भारी प?ा है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अलग-अलग आदेश जारी कर एक शासकीय सेवक की दो वेतन वृद्धियाँ रोक दी हैं और एक वरिष्ठ अधिकारी को सख्त चेतावनी दी गई है।

कलेक्ट्रेट स्थित लोक सेवा प्रबंधन विभाग के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह विक्रम द्वारा सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर साफ-सफाई व स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित 22 शिकायतों के निराकरण पर कोई ध्यान नहीं दिया। इस वजह से ये शिकायतें उच्च स्तर पर अंतरित हो गईं। यह अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर श्री सिंह द्वारा उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब समाधानकारक न पाए जाने पर कलेक्टर ने उनकी दो वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश जारी किया है। इसी तरह सहायक श्रम आयुक्त द्वारा सीएम हैल्पलाइन पर प्राप्त हुई 13 शिकायतों को अटेण्ड नहीं किया गया और वे उच्च स्तर पर पहुँच गईं। कारण बताओ नोटिस का जवाब समाधानकारक न पाए जाने पर कलेक्टर श्री सिंह ने उन्हें चेतावनी दी है कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो।

### अवकाश के दिनों में भी शासकीय कार्यालय खुले रखने का आदेश

ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन को ध्यान में रखकर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले के सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालयों को अवकाश के दिनों में भी खुला रखने के लिए आदेश जारी किया है। उन्होंने आदेश में स्पष्ट किया है कि कार्यालय प्रमुख अपने दफ्तर में निर्वाचन संबंधी डाक प्राप्त करने के लिए किसी तृतीय श्रेणी स्तर के कर्मचारी को पाबंद करें।

### मतगणना के लिये शासकीय भवन परिसर अधिग्रहीत

ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन कार्यक्रम के तहत मतगणना सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने विभिन्न शासकीय कॉलेज भवनों को अधिग्रहीत करने के आदेश जारी किए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत मुरार व घाटीगाँव के लिये शासकीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर पॉलीटेक्निक कॉलेज को अधिग्रहीत किया गया है। इसी तरह डबरा जनपद पंचायत के लिये नवीन कृषि उपज मंडी समिति डबरा का नवीन गोदाम (लक्ष्मीनारायण मंदिर की ओर) तथा भितरवार जनपद पंचायत के कृषि उपज मंडी परिसर भितरवार को अधिग्रहीत किया गया है।

# फोटो जर्नलिस्ट का काम कठिन और चुनौतीपूर्ण, प्रशासन सदैव सहयोग के लिए तत्पर : कलेक्टर श्री सिंह

### प्रेस क्लब पर मप्र पत्रकार संघ फोटो जर्नलिस्ट प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

### पुलिस अधीक्षक श्री सांघी ने कहा - पुलिस और प्रेस के मध्य परस्पर सहयोगात्मक संबंध



ग्वालियर। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रेस एवं मीडिया की अहम भूमिका है। सरकार एवं समाज के बीच प्रेस सेतु की भूमिका निभाती है। वैसे तो प्रेस के सभी संवाद माध्यमों का अपना महत्व है लेकिन प्रेस फोटोग्राफर्स का काम कुछ अधिक ही कठिन और चुनौतीपूर्ण होता है। फोटो जर्नलिस्ट हर तरह की परिस्थितियों में मौके पर जाकर कवरेज करते हैं। जिला प्रशासन उनकी समस्याओं एवं कार्य संबंधी अपेक्षाओं के प्रति गंभीर व संवेदनशील है और उन्हें पूर्ण सुरक्षा व सुविधाएं देने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह सोमवार को ग्वालियर प्रेस क्लब परिसर में आयोजित मप्र पत्रकार संघ की ?ोटो जर्नलिस्ट प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्वालियर के पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ने की।

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्वालियर प्रेस क्लब में पत्रकारों के कल्याण, प्रशिक्षण एवं हित संवर्धन के लिए चल रही गतिविधियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन सदैव पत्रकारों एवं फोटो जर्नलिस्ट के साथ ख?ा है एवं उन्हें अपने कार्य के दौरान कोई समस्या अथवा व्यवधान नहीं होने दिया जाएगा।

शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता कर रहे पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ने संकल्प व्यक्त किया कि वे अपने विभाग के समस्त अधिकारियों एवं स्टाफ को निर्देशित करेंगे कि ग्वालियर के सभी समाचार-पत्रों के फोटो जर्नलिस्ट को विभिन्न ईवेंट व क्राइम स्पॉट पर फोटो कवरेज के दौरान किसी भी तरह की समस्या नहीं होने दी जाए। कोई शिकायत होने पर कभी भी फोटो जर्नलिस्ट उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में पुलिस प्रशासन एवं फोटो जर्नलिस्ट के बीच सदैव मधुर संबंध रहे हैं और यह सहयोगात्मक परंपरा सदैव बनाई रखी जाएगी। इस मौके पर विशेष अतिथि के रुप में सहायक सूचना अधिकारी हितेंद्र सिंह भदौरिया सहित मध्य प्रदेश पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र माथुर, संस्थापक महासचिव व प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार डॉ सुरेश सम्राट, गुरु चरण सिंह, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रदेश अध्यक्ष राज दुबे विशेष रुप से मौजूद थे ।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478